




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 284 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 27 जुलाई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### आर राजेन्द्रन को पेरिस ओलंपिक में मिली आब्जर्वर की जिम्मेदारी



**भिलाई।** पेरिस ओलम्पिक खेल में छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेन्द्र को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़इंडिया द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। आर राजेन्द्रन 25 जुलाई 2024 को रायपुर से दिल्ली होते हुये पेरिस के लिये रवाना हुए। आर. राजेन्द्रन बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़इंडिया के सहसचिव भी है। आर राजेन्द्रन बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशल्स क्वालीफाइड 2023, रिंग ऑफिसियल कमीशन के डेपुटी चेयरमेन तथा टेक्निकल एवं रुल्स कमिशन के सचिव भी है। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन व अन्य खेल संघों ने बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक हुई 509.2 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 509.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 27 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1237.1 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 196.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। सूरजपुर जिले में 318.3 मिमी, बलरामपुर में 450.9 मिमी, जशपुर में 334.0 मिमी, कोरिया में 334.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 359.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 461.5 मिमी, बलौदाबाजार में 601.8 मिमी, गरियाबंद में 563.7 मिमी, महासमुंद में 411.9 मिमी, धमतरी में 591.9 मिमी, बिलासपुर में 481.5 मिमी, मुंगेली में 526.7 मिमी, रायगढ़ में 392.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 233.0 मिमी, जांजगीर-चांपा में 435.2 मिमी, सक्ती में 329.5 कोरबा में 572.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 468.3 मिमी, दुर्ग में 335.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 414.1 मिमी, राजनांदगांव में 582.7 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 595.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 398.9 मिमी, बालोद में 683.3 मिमी, बेमेतरा में 336.4 मिमी, बस्तर में 655.0 मिमी, कोण्डागांव में 550.4 मिमी, कांकेर में 695.1 मिमी, नारायणपुर में 677.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 724.2 मिमी और सुकमा जिले में 852.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# छत्तीसगढ़ में अग्निवीरों को आरक्षण: पुलिस आरक्षक जेल प्रहरी, वनरक्षक जैसे पदों पर मिलेगी नौकरी

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा : चार साल की सेवा के बाद नहीं होगी नौकरी की चिंता

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। देश की सेवा के बाद अग्निवीरों को नौकरी की चिंजा से राज्य की विष्णुदेव साय ने मुक्त कर दिया है। 4 साल की सेवा के बाद वापस आने वाले छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों के लिए राज्य सरकार विशेष आरक्षण देगी। अग्निवीरों को पुलिस आरक्षक, जेल प्रहरी, जैसे विभिन्न पदों पर प्रथिमकता के आधार पर समावेशित किया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसकी घोषणा की है।



बता दें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देश में अग्निवीर योजना लागू की है। इसके तहत युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती किया जा रहा है। अग्निवीरों की ट्रेनिंग के बाद चार साल इनकी सेवाएं बॉर्डर पर ली जाएंगी। चार साल बाद अग्निवीरों की सेवा समाप्त की जाएगी। इस दौरान सरकार द्वारा हर महीने की सैलरी के अलावा रिटायरमेंट फंड भी दे रही है। चार की सेवा के बाद अग्निवीरों को अपने घर लौटने के बाद दूसरी नौकरी करने का ऑप्शन है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अग्निवीरों के लिए सेवा समाप्ति के बाद नौकरी की चिंता से मुक्त करते हुए अहम घोषणा की है।

### अब नौकरी की चिंता नहीं

इस संबंध में सीएम विष्णुदेव साय ने विधानसभा में मीडिया से चर्चा में कहा कि 'छत्तीसगढ़ राज्य के अग्निवीर जब भारतीय सेना में अपनी सेवा के पश्चात वापस आएंगे तो छत्तीसगढ़ सरकार इन नौजवानों को पुलिस सेवा में आरक्षक, वन सेवा में वन रक्षक और जेल प्रहरी इत्यादि पदों में प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देगी। अग्निवीरों को इसके लिए एक निश्चित आरक्षण की सुविधा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश हमारी सरकार शीघ्र ही जारी करने जा रही है।

### प्रदेश से 870 अग्रिवीरों का चयन


भारतीय सेना में काम करने का सपना छत्तीसगढ़ के नौजवानों का पूरा हुआ है। इंडियन अ र्मी ने अग्निवीर पुरुष भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ से 870 कैंडिडेट्स को इसमें सफलता मिली है। यह भर्ती दिसंबर 2023 में जांजगीर चांपा जिले में आयोजित की गई थी। सेना भर्ती कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक भर्ती प्रक्रिया में 5532 कैंडिडेट ने भाग लिया था। इसमें अग्निवीर जीडी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए युवाओं का चयन हुआ है।

### यूपी में सीएम योगी ने किया पुलिस भर्ती में आरक्षण का ऐलान



अग्रिवीरों के लिए यूपी सरकार ने भी नौकरियों में आरक्षण की घोषणा की है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो पुलिस की भर्तियां होती हैं इसमें अग्निवीरो को प्राथमिकता वरीयता देते हुए आरक्षण का पूरा लाभ दिया जाएगा। नीति आयोग की बैठक में भाग लेने वाले दिल्ली रवाना होने से पहले ही मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान यह काफी बड़ा ऐलान किया। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में पुलिस और पीएसी की भर्तियां चल रही है इसका लाभ उत्तर प्रदेश में जितने भी आगामी भर्तियां आएंगी इसमें अग्नि वीरों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि अग्निवीर सेवा करने के बाद उन्हें सिविल पुलिस में समायोजित करने की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।


### पीएम मोदी ने कहा सेना को युवा बनाए रखना उद्देश्य



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर यह कहा गया कि अग्निपथ योजना का मुख्य उद्देश्य सेना को युवा बनाए रखना है। हरदम युद्ध के लिए उनको तैयार रखें रखना है। उन्होंने कहा था कि लेकिन मेरे लिए दल नहीं बल्कि देश सर्वोपरि ऐसा पीएम के द्वारा कहा गया। आप सभी को बता देते हैं सिर्फ अग्निवीर में यही बदलाव है कि उत्तर प्रदेश के सिपाही भर्ती परीक्षा में उनका प्राथमिकता दी जाएगी। प्राथमिकता अगर इनको मिलती है तो यह अच्छी खबर अग्निवीरों के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसके अलावा केंद्र सरकार की तरफ से भी कई और भी बड़े बदलाव अग्निवीर में किए जाने वाले हैं जिससे आने वाले समय में अग्नि वीरों को और भी फायदा मिल सकेगा।

# एलओसी पर फायरिंग में एक जवान शहीद, घुसपैठिया ढेर

**जम्मू (ए.)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। एलओसी पर भारतीय सेना और पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम के बीच फायरिंग हुई। इस दौरान एक घुसपैठिया मारा गया है। वहीं एक जवान का बलिदान हो गया। एक जवान घायल बताया जा रहा है। कुपवाड़ा के माछिल क्षेत्र में सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है।



सेना ने जानकारी देते हुए कहा कि फायरिंग में एक जवान का बलिदान हो गया है। और कैप्टन समेत अन्य चार जवान घायल हो गए हैं। भारतीय सेना के चिनार कॉर्प्स ने जानकारी देते हुए बताया कि नियंत्रण रेखा पर माछिल सेक्टर के कामकारी में एक चौकी पर अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। जिसमें एक पाकिस्तानी नागरिक मारा गया है। जिसमें हमारे दो सैनिक घायल हुए हैं और उन्हें निकाल लिया गया है।

रक्षा विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, माछिल सेक्टर में मुठभेड़ हुई है। भारतीय सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तानी बोर्ड एक्शन टीम ने भारतीय सेना के जवानों पर एलओसी पर हमला कर दिया। इस हमले में पाकिस्तान की सेना भी शामिल थी। जो कि आतंकी संगठनों के साथ मिलकर काम करती है।

# शादी से मना करने पर युवती की अपने साथ आपत्तिजनक तस्वीर कर दिया वायरल

- पांच माह पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से दोनों के बीच हुआ था परिचय
- उतई क्षेत्र में आकर घूम रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग जिले में उतई थाना क्षेत्र की एक युवती का परिचय सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र ग्राम कुर्रा निवासी युवक से हुआ। यह पांच महीने पहले की बात है। परिचय के बाद दोनों एक दूसरे को अपना फोटो शेयर करते थे। युवक और उसके परिवार वालों ने युवती के परिजनों से संपर्क कर शादी का प्रस्ताव रखा। युवती के घर वालों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और युवती ने भी युवक से बातचीत बंद कर दिया। इस बात से खफा युवक ने अपने साथ युवती की तस्वीर को आपत्तिजनक ढंग से जोड़कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

इस मामले में शिकायत के बाद उतई पुलिस ने आरोपी युवक होमलाल तारक पिता शिवकुमार तारक ( 20 ) निवासी ग्राम कुर्रा ( राजिम ) थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को पता चला था कि आरोपी होमलाल उतई थाना क्षेत्र के डुमरडीह में देखा गया है। इसके बाद घेराबंदी कर पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से ओप्पो कंपनी मॉडल ए-59, 5 जी मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले धारा 506 व 509 ख के तहत अपराध कायम किया गया था। चूंकि आरोपी द्वारा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अश्लील सामग्री वायरल किया गया है, इसलिए प्रकरण में धारा 67 व 67 क सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 जोड़ी गई। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### शादी का बना रहा था दबाव

उतई थाना प्रभारी निरीक्षक विपीन रंगारी के मुताबिक 4 जुलाई 2024 को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीबन 05 माह पूर्व आरोपी से उसका परिचय इंस्टाग्राम के माध्यम से हुआ। इसके बाद वे एक दूसरे को अपना फोटो शेयर करते थे। इसी बीच आरोपी के परिवार वाले प्रार्थिया के घर आकर शादी के लिए दबाव बनाने लगे। जिसे प्रार्थिया के परिवार वालों ने मना कर दिया और प्रार्थिया भी आरोपी होमलाल से बातचीत करना बंद दिया। इस बात से खफा आरोपी होमलाल द्वारा 11 जून 2024 के शाम 5.58 बजे प्रार्थिया की फोटो के साथ अपना आपत्तिजनक फोटो जोड़कर इंस्टाग्राम के माध्यम से प्रार्थिया के चाचा एवं पिता को भेजकर वायरल कर दिया। जिससे प्रार्थिया व परिवार वालों के मान सम्मान को ठेस पहुंचा और उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, सउनि अश्वनी कुमार, राजकुमार देशमुख, आरक्षक राकेश साहू, शीतल चन्द्राकर, छगन लाल एवं महिला आरक्षक कीर्ति साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# सुकमा में ग्राम सरपंच की पत्नी ने एक साथ चार बच्चों को दिया जन्म

- जमीर गांव के सरपंच हिडमा कवासी के घर खुशी का माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक चमत्कार हुआ है। जिले के एक गांव के सरपंच की पत्नी ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। सुकमा जिले का यह पहला मामला है जहां महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया हो। चारों बच्चों के साथ मां भी स्वस्थ्य है और जगदलपुर के बंसल अस्पताल में भर्ती है। सरपंच के घर पर एक साथ चार किलकारियों से खुशी का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार सुकमा जिले के जमीर गांव के सरपंच हिडमा कवासी की पत्नी ने अस्पताल में एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है, चार बच्चों में दो लड़के और दो लड़कियां हैं। सभी बच्चे स्वस्थ बताए जा रहे हैं और इन बच्चों में दो लड़का दो लड़की बताई जा रही हैं। फिलहाल जच्चा-बच्चा जगदलपुर के बंसल अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि चारों बच्चे स्वस्थ हैं। महिला सुकमा जिले के जैमेर की रहने वाली है और जिले में एक साथ चार बच्चों के जन्म का पहला मामला है। हालांकि इससे पहले एक साथ तीन बच्चों के जन्म के कई मामले जिले में सामने आ चुके हैं।



### सोनोग्राफी में थी तीन बच्चों की जानकारी, पैदा हुए चार

बताया जा रहा है कि महिला की सोनोग्राफी के बाद डॉक्टरों ने तीन बच्चे की जानकारी दी थी। लेकिन पत्नी प्रसव के दौरान चार नवजात को जन्म दिया। चौथे बच्चे के जन्म से अस्पताल के डॉक्टर भी हैरान हैं। नवजात बच्चों को जन्म देने वाली महिला दशमी कवासी हिड़मा की तीसरी पत्नी है। कवासी पहली दो पत्नियों को एक भी आलौद नहीं है। हालांकि पहली पत्नी पत्नी हूंगा की एक बेटी थी, जिसकी करीब 14 साल की उम्र में बीमारी की चपेट में आने से मौत हो गई। चार बच्चों के जन्म से कवासी परिवार में खुशी का माहौल है।

# आधा सच और पूरा झूठ का कारोबार

श्रीकंचनपथ




आधा सच और पूरे झूठ में कोई खास अंतर नहीं होता. राजनीति और कूटनीति में इसकी अहम भूमिका होती है। महाभारतकाल में द्रोण पुत्र अश्वत्थामा की मृत्यु को लेकर जब सत्यवादी युधिष्ठिर ने सच बोलने की कोशिश की तो श्रीकृष्ण ने बीच में शंखनाद कर उसे आधा सच बना दिया। युधिष्ठिर कहना चाहते थे अश्वत्थामा हतो, नरो वा कुंजरो पर शंखध्वनि के कारण गुरू द्रोण 'नरो वा कुंजरो' सुन नहीं पाते। दरअसल, भीम ने अश्वत्थामा नामक हाथी का वध किया था। स्पष्ट सुनाई नहीं देने के कारण द्रोण ने यही समझा कि उनका पुत्र अश्वत्थामा वीरगति को प्राप्त हो गया है। उन्होंने अस्त्र-शस्त्र त्याग दिया और ध्यानमग्न हो गए। तब धृष्टद्युम्न ने उनका सिर धड़ से अलग कर दिया। पाण्डवों की जीत सुनिश्चित करने के लिए श्रीकृष्ण ने यह लीला रची थी। कल पूरा देश कारगिल विजय दिवस मना रहा था। अखबारों में कारगिल युद्ध को लेकर कई प्रसंग छपे थे। पर विजय दिवस के कार्यक्रमों में सिर्फआधा सच बोला गया। उस कैप्टन हनीफुद्दीन का नाम तक नहीं लिया गया जिसकी शहादत के चलते भारतीय सेना को दुश्मन के ठिकानों का सही-सही पता लग पाया। उस चरवाहे का भी नाम नहीं लिया गया जिसने पाकिस्तानी सैनिकों के भारतीय इलाकों में चहलकदमी की खबर सेना को दी थी। उन स्थानीय मुसलमानों का भी नाम नहीं लिया गया जिन्होंने कुमुक बन कर सेना को रसद पहुंचाया या जिन्होंने उन बीहड़ पहाड़ों में रास्ता दिखाया। एक ऐसे ही आधे सच का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति पानी के गिलास में थूकता दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि यह एक सरकारी कर्मचारी है जो जज मैडम के लिए पानी लेकर जा रहा है। इसे थूक जिहाद का नाम देकर कई लोगों ने अपने एक्स हैण्डल पर इसे साझा भी किया। यह भी आधा सच था। पानी में थूकने की घटना सही थी, उसका सरकारी कर्मचारी होना भी सही था, पानी जज को दिया गया, यह भी सही था। इस आधे सच को किसी ने जानने की भी कोशिश नहीं की कि वह आदमी मुसलमान नहीं हिन्दू है और जज साहिबा के पानी में वह थूकता इसलिए था कि उसे जज से खुन्नस थी। घटना सामने आने के बाद चपरासी को निलंबित कर दिया गया था। इस घटना का पूरा ब्यौरा 29 मई, 2018 को जनसत्ता में प्रकाशित हुआ था। सबकुछ ऑन रिकार्ड है। फिर भी लोग झूठ बोल जाते हैं और बड़े-बड़े सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर तक उसे पचा जाते हैं। इसके दो ही कारण हो सकते हैं। पहला तो यह कि लोग अखबार नहीं पढ़ते। दूसरा यह कि उन्हें की-वर्ड्स की मदद से खबर की पुष्टि करनी नहीं आती। आधे सच की चाशनी चाटने और चटाने वाले ही असली वितंडावादी हैं। ये देश का माहौल खराब कर रहे हैं। इन हरकतों से राष्ट्र का कोई भला होता, फिलहाल तो नहीं दिखता।




## संपादकीय

# ओलंपिक पर निशाना

पेरिस में ओलंपिक उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस में रेल सेवा जिस तरह से प्रभावित हुई है, वह चिंताजनक है। शायद किसी सोची-समझी कारस्तानी के तहत वहां सामान्य परिवहन को बाधित करने की साजिश की गई है। फ्रांसीसी रेलवे कंपनी एसएनसीएफके मुताबिक, उसके हाई स्पीड नेटवर्क को पंगु बनाने के इरादे से इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। शुरुआती खबरों से पता चलता है कि कुछ जगहों पर उपद्रवियों ने आगजनी की है, जिससे रेलवे को नुकसान हुआ है। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि प्रभावित रेल सेवा कंपनी ने यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने का आग्रह किया है।

> मरम्मती का कार्य चल रहा है, पर वहां परिवहन के सामान्य होने में कम से कम दो दिन का समय लग जाएगा। रेलवे कंपनी शुरुआती रूप से यही मान रही है कि आग जान-बूझकर लगाई गई है। अब खुफिया सेवाओं व कानून लागू करने वाली तमाम एजेंसियों को लामबंद कर दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन के ठीक पहले ऐसा होना, वाकई, सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत बड़ा विषय होना चाहिए। यह दुनिया की दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी कान खोले रखने का समय है।

फ्रांस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में रेल लाइनें ज्यादा प्रभावित हुई हैं, तो इसका क्या संकेत है? पड़ोसी देश बेल्जियम और इंग्लिश चैनल के तहत लंदन जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि, उपद्रवियों की साजिश से ऐसा लगता है कि उनका निशाना पेरिस को रेल नेटवर्क से काटना था। ध्यान रहे, फ्रांस ने ओलंपिक के सुरक्षित आयोजन के लिए मजबूत पहरा बिठा रखा है। 45,000 से भी अधिक पुलिस, 10,000 सैनिक और 2,000 निजी सुरक्षा एजेंट तैनात हैं। स्नाइपर छतों पर हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद अगर रेल सेवा को बाधित करने की साजिश कामयाब हो गई है, तो यह पहली नजर में सुरक्षा या खुफिया चूक है। अब हमले के बाद सुरक्षा को और चाक-चौबंद कर दिया गया है, लेकिन सबसे जरूरी है, ऐसी कायरतापूर्ण साजिश करने वालों का पता लगाना। फ्रांस के अनेक नेता इसे ओलंपिक ही नहीं, बल्कि फ्रांस पर हमला मान रहे हैं, मगर वास्तव में यह फ्रांस पर ही नहीं, बल्कि खेलों की दुनिया और अमन-चैन के सकारात्मक प्रयासों पर हमला है।

जब दुनिया में जगह-जगह युद्ध लड़े जा रहे हैं, अनेक जगहों पर आतंकवाद और उपद्रव की स्थिति है, तब भी ओलंपिक दुनिया को जोड़ रहा है। दुनिया के 206 से ज्यादा देशों के 10,714 से ज्यादा खिलाड़ी इस ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। 32 खेलों में 329 आयोजन होंगे, पर इतने बड़े आयोजन को भी जो लोग निशाना बना रहे हैं, वे बेशक मानवता विरोधी हैं। अराजक तत्वों के प्रति तमाम देशों को सतर्क हो जाना चाहिए। ऐसे घटिया तत्व या समूह पहले लोकतंत्र की दुहाई देकर अपनी जगह बनाते हैं और उसके बाद अपनी मनमानी पर उतर आते हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ दुनिया को समान रूप से ईमानदार होना पड़ेगा। दुनिया के हर रंग, हर नस्ल को गले लगाने वाला कला और साहित्य से सराबोर शहर पेरिस आज संसार के करीब दो अरब लोगों की निगाह में है। उसके आस-पास के 16 शहर सद्भाव और उल्लास से विभोर हो रहे हैं। लोकतांत्रिक और विकसित फ्रांस की अच्छी छवि निस्संदेह दुनिया को ज्यादा उदार और समझदार बनाने में मददगार होगी, लेकिन जिन अराजक तत्वों ने उसकी चमक पर दाग लगाने की साजिश रची है, उन्हें कतई बख्शा न जाए।

## विकास को देख पाने में नाकाम विपक्ष

गौरव वल्लभ, वित्त के प्रोफेसर व भाजपा नेता

भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश है, साल 2041 के आसपास अपनी कामकाजी आयु वाली आबादी के चरम पर पहुंचने की उम्मीद के साथ एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है। हाल के वर्षों में रोजगार संकेतकों में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है, जो एक लचीली और विस्तारित अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। विशेष रूप से श्रमिक जनसंख्या अनुपात 2017-18 में 46.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 56 प्रतिशत हो गया, जबकि श्रम बल भागीदारी दर 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 57.9 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि में बेरोजगारी दर छह प्रतिशत से गिरकर 3.2 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर पर आ गई। ईपीएफओ ने पिछले वर्ष की तुलना में मई 2024 में शुद्ध सदस्य वृद्धि में 19.62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2024-25 का केंद्रीय बजट भारत में रोजगार को बढ़ावा देने और कौशल विकास के लिए एक व्यापक प्रोत्साहन रणनीति की रूपरेखा पेश करता है। बजट विकसित भारत थीम के तहत, रोजगार, कौशल, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर केंद्रित है। 4.1 करोड़ युवाओं के कौशल विकास और रोजगार पर पांच वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बजट एक मजबूत और समावेशी रोजगार तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

यह सब प्रधानमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम से शुरू होता है। नौकरी बाजार में कदम रखने के लिए एक युवा स्नातक को शीर्ष कंपनियों में से एक के साथ बारह महीने की इंटर्नशिप मिलेगी। पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कुशल बनाने के लिए तैयार यह कार्यक्रम 5,000 रुपये का मासिक भत्ता प्रदान करता है। इंटर्नशिप पूरी करने के बाद युवा स्कीम ए के माध्यम से कार्यबल में प्रवेश करता है, जो पहली बार नौकरी चाहने वालों पर केंद्रित है। उन्हें 15,000 रुपये तक की एक महीने की वेतन सब्सिडी मिलेगी, जो तीन किस्तों में वितरित की जाएगी। स्कीम बी के तहत आई योजना विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन को लक्षित करती है। नियोक्ता और कर्मचारियों, दोनों की चिंता करती है। केंद्रीय बजट मजबूत रोजगार और कौशल को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बजट में उठाए गए कदमों से समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

विपक्ष का यह दावा है कि केंद्रीय बजट 2024 बिहार और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के पक्ष में है, यह देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश है। केंद्रीय करों और शुल्कों का राज्यवार आवंटन के कुल 12.47 लाख करोड़ रुपये में से पश्चिम बंगाल को 94,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पश्चिम बंगाल को कुल आवंटन का 7.5 प्रतिशत के साथ चौथा सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। इसमें भेदभाव कहां है? उनका यह तर्क कि बजट में जिन राज्यों का उल्लेख नहीं किया गया है, उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है, यह तर्क पूरी तरह से गलत है। साल 2017 में अलग रेल बजट की प्रथा बंद कर दी गई है, पर क्या इसका मतलब यह है कि सरकार ने नई पटरियां, रेलगाड़ियां बनाना या रेलवे आधुनिकीकरण का काम बंद कर दिया है? यही तर्क अन्य राज्यों के आवंटन पर भी लागू होता है। हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार के लिए 2,698 करोड़ रुपये, केरल के लिए 3,011 करोड़ रुपये, जम्मू-कश्मीर के लिए 3,694 करोड़ रुपये, दिल्ली के लिए 2,582 करोड़ रुपये और पूर्वोत्तर के लिए 10,376 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। क्या विपक्ष यह नहीं देख रहा है?

विपक्ष के दावे निराधार, विकास विरोधी और संकीर्ण सोच वाले हैं, जो सरकार की व्यापक और न्यायसंगत विकास रणनीति को पहचानने में विफल हैं। यह राष्ट्रीय प्रगति के प्रति उनकी वास्तविक चिंता की कमी और राजनीतिक दिखावे के रूप में उनकी विभाजनकारी बयानबाजी को उजागर करता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

नजरिया

# ओलंपिक में इस बार भारतीय खिलाड़ियों से बड़ी उम्मीदें

*भारतीय खेलों में पिछले डेढ़ दशक में बहुत कुछ बदला है। अब खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं और विदेशी प्रशिक्षकों को लाने में धन की कमी भी आड़े नहीं आती। ऐसे में, 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक से भारतीयों की उम्मीदें बढ़ना स्वाभाविक है।*

मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ खेल पत्रकार



112 खिलाड़ियों वाला भारतीय दल बेहतर तैयारियों के साथ पेरिस ओलंपिक में भाग लेने गया है। भारतीय खिलाड़ियों की तैयारियों व पिछले प्रदर्शनों को देखकर लगता है कि हम टोक्यो ओलंपिक में किए एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक वाले प्रदर्शन को सुधारने में सफल होंगे।

भारतीय खिलाड़ियों से इस बार दर्जनभर पदकों की उम्मीद की जा रही है। इन पदकों में यदि चार स्वर्ण भी जोड़ सकें, तो पिछले ओलंपिक में पदक तालिका में 48वें स्थान को टॉप 20 तक लाया जा सकता है। भारत को इस बार पिछले ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, शटलर सात्विक साईराज, चिराग शेट्टी, पीवी सिंधु, बॉक्सर निकहत जरीन और महिला पहलवान अंतिम पंघाल से स्वर्ण की उम्मीद है। अगर ऐसा हो सका, तो यह प्रदर्शन भारतीय खेल इतिहास में मील का पत्थर साबित हो सकता है और इससे मिलने वाली प्रेरणा भारत को खेल शक्ति बनाने की तरफ ले जा सकती है।

भारत को टोक्यो में एथलेटिक्स का पहला गोल्ड दिलाने वाले नीरज चोपड़ा इस साल बहुत प्रतियोगिताओं में नजर नहीं आए हैं, फिर भी वह दोहा डायमंड लीग में 88.36 मीटर जेवेलिन थ्रो का प्रदर्शन कर सके हैं और यह साल का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वैसे भी इस साल दुनिया के ज्यादातर जेवेलिन थ्रोअर का प्रदर्शन 87 से 88 मीटर के बीच ही रहा है। यह सही है कि नीरज अब तक 90 मीटर की बाधा पार करने के सपने को पूरा नहीं कर पाए हैं, पर वह महत्वपूर्ण मौकों पर अपना बेस्ट देने के लिए जाने जाते हैं, इसलिए उनसे एक बार फिर सोने के तमगे के साथ लौटने की उम्मीद की जा सकती है।

एक अन्य भारतीय स्टार शटलर पीवी सिंधु काफी समय से पूरी रंगत में नहीं दिखी हैं, पर उनकी लय में लगातार सुधार होना उनको पदक का दावेदार बनाता है। वह यदि पेरिस में पदक जीतने में सफल रहीं, तो लगातार तीन ओलंपिक में व्यक्तिगत पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगी। सिंधु को बड़े टूर्नामेंट का खिलाड़ी माना जाता है। वह जब तिरंगे की प्रतिष्ठा के लिए खेलती हैं, तो उनके खेल में एक अलग ही निखार आ जाता है। सिंधु ने जब 2016 के रियो ओलंपिक में पदक जीता था, तो उनका उस साल जीत-प्रतिशत 63 था और टोक्यो वाले साल 62.1 था। इस साल भी उनका जीत प्रतिशत 62.5 है। वैसे, बैडमिंटन में सिंधु से भी ज्यादा पदक की संभावनाएं सात्विक और चिराग की जोड़ी से है। यह जोड़ी इस समय विश्व में नंबर वन रैंकिंग पर रहकर पेरिस में भाग ले रही है। यह जोड़ी इस साल थाईलैंड ओपन के अलावा फ्रेंच ओपन का भी खिताब जीत चुकी है। ये दोनों खिलाड़ी ऐसा करिश्मा करने का माद्दा रखते हैं, जैसा पहले कोई भारतीय शटलर नहीं कर सका है। महिला मुक्केबाज निकहत जरीन और महिला पहलवान अंतिम पंघाल से भी सोने का तमगा जीतने की उम्मीद है। निकहत मौजूदा विश्व और कॉमनवेल्थ चैंपियन हैं। अंतिम पंघाल इस बार अकेली भारतीय पहलवान हैं, जिन्हें महिला फ्रीस्टाइल के 52 किग्रा वर्ग में चौथी सीडिंग मिली है। इसके कारण फाइनल से पहले उन्हें किसी दिग्गज का सामना नहीं करना होगा।

भारत ने टोक्यो ओलंपिक में हॉकी में 41 साल बाद पदक जीता था। इस बार भारत के लिए लगातार दूसरे ओलंपिक में पोडियम पर चढ़ने की राह बहुत आसान नहीं है, पर यह असंभव भी नहीं है। अब देखने वाली बात है कि लंबे समय से टीम की सफलताओं में हाथ बंटाने वाले पीआर श्रीजेश को टीम पदक के साथ विदाई दे पाती है या नहीं? भारत के लिए वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, महिला पहलवान विनेश फोगाट, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना जैसे कई अन्य भी पदक के दावेदार हैं, पर भारत को दर्जन पार पदकों तक पहुंचना है, तो इसमें निशानेबाजों की भूमिका अहम रहने वाली है। देश उनसे उम्मीद लगाए हुए है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# समस्या है पर कोई गंभीरता से लेता नहीं है...

सुनील दास



देश व राज्य में कई समस्याएं ऐसी भी होती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है लेकिन कोई गंभीरता से लेता नहीं है। इससे वह समस्या बारहों महीने बनी रहती है और लोग परेशान भी बारहों महीने रहते हैं। आवारा घुमंतू मवेशी ऐसी ही समस्या है। इनके सड़क पर बैठे रहने के कारण हर साल राज्य व शहर में बड़ी संख्या में हादसे होते है, कई लोग मारे भी जाते है, कई लोग घायल भी होते हैं। आंकड़ो के मुताबिक हर साल 15 लोग आवारा मवेशियों के कारण मारे जाते हैं तथा घायल होने वाले लोगों की संख्या इससे कही ज्यादा होती है। यह आंकड़ा सरकार को कम लगता है, इसलिए वह इसे गभीर समस्या ही नहीं मानती है। इसके निराकरण के लिए कोई ठोस योजना ही नहीं बनाई जाती है।योजना नहीं बनाई जाती है, इसलिए इसके लिए कोई फंड भी नहीं दिया जाता है। जनहित याचिका के कारण मामला हाईकोर्ट भी जा चुका है, हाईकोर्ट ने सभी नपा, निगम आयुक्त सहित ग्राम पंचायतों के निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था की जाए कि सड़क व राजमार्ग पर आवारा मवेशी न आ सकें। कोर्ट ने यह भी कहा था कि इसके लिए जवाबदेही भी तय की जाए और कार्रवाई भी की जाए। लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात।

इसी तरह मुख्य सचिव कई बार कलेक्टरों से कह चुके हैं कि आवारा मवेशी सड़कों पर नहीं दिखन चाहिए। रायपुर कलेक्टर ने इस मामले में अधिकारियों की डयूटी भी लगाई थी कि सड़क पर आवारा मवेशी दिखे तो पकड़कर गोठान या कांजी हाउस भेज दिया जाए। यह सिलसिला भी कुछ दिन चला फिर बंद हो गया। निगम अफसरो व कर्मचारियों को और भी काम रहते हैं, इसलिए वह कुछ दिन के लिए तो यह काम करते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद बंद कर देते हैं। भूपेश बघेल सरका के समय तो आवारा मवेशियों को रखने के लिए गौठान भी बनाए गए थे लेकिन ज्यादातर गौठान गांवों में बनाए गए, शहरों में बहुत ही कम गौठान बनाए गए इसलिए गौठान बनने के बाद भी शहरों मे आवारा मवेशियों की समस्या बनी रही। अब तो हाल यह बताया जाता है कि नगर निगम व पालिका के कर्मचारियों को आवारा मवेशियो को सड़क पर दिखने पर पकड़ने को कहा जाता और गौठान भेजने को कहा जाता है तो वह गौठान भी नहीं भेज पाते हैं क्योंकि गोठान में जगह नहीं है,आदेश ही इसलिए काम करते दिखना है तो निगम के कर्मचारी आवारा मवेशियों को सड़क से भगाते जरूर है इससे समस्या का समाधान नही होता है। एक जगह से हटाने पर वह दूसरी जगह जाकर बैठ जाता हैं।

इस समस्या के मूल में मवेशी के मालिक ही है। वह घर में मवेशी पालते तो शौक से हैं लेकिन उसे भर पेट आहार देने की बात आती है तो नही देते हैं और पेट भरने के लिए खुला छोड़ देते है। यही मवेशी शहर की सड़कों पर बैठे दिखते हैं। इन्ही के कारण हादसे होते हैं, इन्ही के कारण लोग घायल होते हैं। कई बार हादसों में मवेशियों की भी मौत होती है। यह समस्या बनी रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए मवेशियों के मालिकों पर जुर्माना लगाने की बात की गई लेकिन इस पर अमल करना आसान नहीं था। क्योंकि मवेशी मालिक का पता लगाने का कोई उपाय नहीं है।

नगर पालिका व निगम को एक काम करना चाहिए कि नगरवासी अपने घर में कोई भी पशु पालते हैं तो पालिका व निगम में उसका पंजीयन अनिवार्य करे। साथ ही मवेशी को खुला छोड़े तो उसके गले में ऐसा कार्ड होना चाहिए जिससे मालिक के घर का पता चल सके। किसी मवेशी के कारण कोई हादसा हो तो सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिससे हादसे में मृत या घायल व्यक्ति को वाजिब मुआवजा निगम व मवेशी मालिक से मिल सके।मवेशियों के कारण साल में 15 लोगों की मौत कम लग सकती है लेकिन सरकार व निगम एक एक आदमी की जिंदगी के महत्व को समझेंगे यह बहुत ही गंभीर बात है. जरूरत आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीर समझने की है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

## मुख्यमंत्री के लिए चिंचित उपराज्यपाल

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नसीहत दी है कि उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और डॉक्टर द्वारा परामर्शित दवा की खुराक समय से लेते रहना चाहिए। केजरीवाल के गिरते वजन से चिंचित उपराज्यपाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जानबूझकर उन्हें दी जाने वाली चिकित्सकीय खुराक और दवाइयां नहीं ले रहे हैं।

उपराज्यपाल ने इस बाबत मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखा है, जिसमें केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे जेल अधीक्षक की रपट का हवाला दिया है। आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के जानबूझकर कम कैलॉरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं, जबकि उन्हें घर का बना खाना पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है। जेल अधिकारियों को सुझाव देते हुए उपराज्यपाल ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री को निर्धारित आहार के अलावा दवा और इंसुलिन की तय खुराक लेने की सलाह दे सकते हैं क्योंकि मुख्यमंत्री 'टाइफ-2' मधुमेह से पीड़ित हैं।

दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और उसकी अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर जेल में बंद मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य को स्थायी नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। दावा किया है कि आप प्रमुख का वजन कम हो गया है तथा उनके रक्त में शर्करा स्तर में गिरावट आई है। यह भी अंदेशा जताया है कि केजरीवाल कोमा में जा सकते हैं और उनके मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंच सकता है। आप ने उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री केजरीवाल को नसीहत देने वाले पत्र लिखे जाने पर निशाना साधा है।

पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने 'एक्स' पर लिखा है, 'यह कैसा मजाक है एलजी सर? क्या कोई व्यक्ति रात में अपना शुगर लेवल कम कर सकता है? जो बहुत खतरनाक है। एलजी सर, आपको बीमारी के बारे में नहीं पता है तो आपको ऐसा पत्र नहीं लिखना चाहिए।' बहरहाल, महत्त्वपूर्ण यह बात है कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए। चाहे आपके बीच कितने भी राजनीतिक मतभेद हों या भले ही आप कितने ही कड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी ही क्यों न हों। हम देख रहे हैं कि आप और भाजपा के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता कटुता की हद तक बढ़ चुकी है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि कटुता के चलते स्वास्थ्य को दांव पर लगाना कतई विवेकपूर्ण नहीं।

**( राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी )**

# (29 जुलाई विश्व बाघ दिवस) बाघ जंगल की शान ही नहीं हमारा अस्तित्व भी हैं

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



भारतवर्ष के राष्ट्रीय पशु बाघ की सुंदरता जंगलों को भी अपने आप में गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान कर रही है। दुनिया भर में आसानी से अपनी पहचान के लिए प्रसिद्ध बाघों से ही हमारा पशु प्रेम उजागर होता रहा है। भारतवर्ष से लेकर विश्व के इतिहास में बाघों को सांस्कृतिक परंपरा के रूप में देखा जा रहा है। यही ऐसा पशु रहा है जो ब्रांड इमेज के साथ दुनिया भर में अपना अस्तित्व प्रकट करता रहा है । बड़ी विडंबना की बात है कि बाघ हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य में सर्वव्यापी होने के बावजूद आज जंगलों में उनका वास्तविक अस्तित्व नाटकीय रूप से ऐतिहासिक दायरे के कुछ ही हिस्सों में सिमट कर रह गया है। वर्तमान में विश्व भर के महज 10 देश ही ऐसे रह गए है जहां बाघों के दर्शन हो सकते हैं! इतिहास से जानकारी मिलती है कि बाघों की संख्या में 90 से 95त्र प्रतिशत की कमी आ चुकी है! यह कहने में कोई संकोच नहीं कि यदि बाघ हमारी पृथ्वी से पूरी तरह से लुप्त हो गए तो हम एक प्रतिष्ठित पशु प्रजाति को खोने के अलावा बहुत कुछ से वंचित हो जाएंगे! मानव जाति के लिए बाघ कितने महत्वपूर्ण हैं इसे जानना हो तो यह तथ्य सर्वजन के लिए जरूरी है। बाघों के आवास एशिया के बड़े सबसे महत्वपूर्ण जल स्रोतों से जुड़े हैं , जो 800 मिलियन से ज्यादा लोगों को पेयजल से लेकर निस्तारी जल की आपूर्ति करते हैं!


बाघ वनों, की सुरक्षा से मानवीय जीवन में सूखे के प्रभाव को कम किया जा सकता है! बाढ़ को रोकने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने का सबसे किफायती तरीका भी बाघ संरक्षण में छिपा हुआ है! यह बात सिद्ध हो चुकी है कि बाघ संरक्षित क्षेत्र, वनों की कटाई में भरपूर कमी ला रहे हैं। यह बताने की जरूरत नहीं कि विलुप्त जीवों डोडो और डायनासोर के उदाहरण से अंतर्राष्ट्रीय चिंता सामने आती रही है। बाघ एक वैश्विक पशु है, लेकिन जब तक हम उन्हें संरक्षित नहीं करेंगे तब तक उन्हें केवल चिड़िया घरों में ही देखा जा सकेगा। यह सच्चाई भी विश्व जानता है कि बाघों के बिना दुनिया आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से गरीब हो जायेगी। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 29 जुलाई को बाघों की लुप्त होती प्रजातियों की ओर ध्यान आकर्षित करने तथा उनकी रक्षा एवं पारिस्थितिकीय महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 2010 में सर पिटर्सबर्ग ने टाइगर विश्व सम्मेलन में की थी। यह चिंता का विषय है कि भारतवर्ष में बाघों की संख्या लगातार कम हो रही है। कभी लोगों के बीच अपनी दहाड़ से कंपन पैदा करने वाले बाघ आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं! बढ़ते शहरीकरण और सिकुड़ते जंगलों ने जहां बाघों से उनका आशियाना छीना है वहीं मानव समाज ने भी बाघों के साथ क्रूरता बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बाघों के संदर्भ में हमारी अनदेखी का नकारात्मक परिणाम आज हमारे समक्ष है।

जंगल में बाघों की कम हो रही संख्या पर चिंतन करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर टाइगर स्टेटस 2022 जारी किया था। उस वक्त के जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया था कि हमारे देश में 3,167 बाघ हैं । बाघों की गणना प्रति चार वर्षों में की जाति है। आंकड़े यह भी बताते हैं कि पिछले चार वर्षो में बाघों की संख्या में वृद्धि के साथ मध्य प्रदेश, देश में बाघों की अधिकतम संख्या 785 के साथ प्रथम स्थान पर है। इसके बाद क्रमश: कर्नाटक 563, उत्तराखंड 560 तथा महाराष्ट्र 444 के साथ दूसरे, तीसरे एवं चौथे स्थान पर हैं। हम यह कह सकते हैं कि बाघ संरक्षण में भारतवर्ष के अनुकरणीय प्रयास और बाघों की संख्या में वृद्धि केवल आंकड़ों के तौर पर न देखी जाए। यह राष्ट्र के बाघ संरक्षण के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धतता का प्रमाण भी मानी जानी चाहिए। बाघ संरक्षण के मामले में हमारे देश ने न केवल अपनी बाघ आबादी को सफलता पूर्वक संरक्षित रखने में कामयाबी पाई है बल्कि धरती पर निवासरत सभी जीवन रूपों का भविष्य भी सुरक्षित किया है। यह वास्तव में वसुधैव कुटुंबकम् के हमारे दर्शन को सार्थक करता दिख रहा है। सन 1973 में शुरू किए गए प्रोजेक्ट टाइगर के 51 वें वर्ष में हमने प्रवेश कर लिया है। यह संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है कि हमने बाघों को बचाने के प्रयास में खुद को सतत रूप से जोड़े रखा है। हम यदि आंकड़ों को देखें तो 2018 में 2,461 बाघों की संख्या 2022 में 3,080 तक पहुंच गई। 9 अप्रैल 2022 को मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वें साल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्रा मोदी ने न्यूनतम बाघ आबादी 3,167 की घोषणा की थी।

हमारे देश के प्रोजेक्ट टाइगर ने पिछले पांच दशकों में बाघ संरक्षण में जबर्दस्त प्रगति की है, किंतु अवैध शिकार जैसी चुनौतियां अभी भी बाघ संरक्षण के लिए खतरा बनी हुई हैं। बाघों के आवासों और उनके पारिस्थितिकी तंत्रों के भविष्य को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित करना भी हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हमारी अगली पीढ़ी को यह ज्ञात होना चाहिए कि बाघों की कुल आठ प्रजातियां हैं :- रॉयल बंगाल, इंडो-चाइनीज, सुमात्रा, अमूर या साइबेरियन, साउथ-चाइना, कैस्पियन, जावा और बाली। हमारे लिए यह बड़ा दुखद है कि हमारे मानवीय समाज के अमानवीय लोगों ने कैस्पियन, जावा तथा बाली प्रजाति के बाघों का बड़ी संख्या में शिकार कर उन्हें विलुप्त कर दिया है। यही कारण है कि आई यू सी एन (द इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफनेचर) रेड लिस्ट के अनुसार बाघ को लुप्त प्राय पशु के रूप में सूची बद्ध किया गया है। अवैध शिकार, बाघ की खाल और शरीर के अन्य अंगों की तस्करी करने वालों के कारण समय- समय पर बाघों की संख्या को लेकर हमारी चिंता बढ़ जाती है। बाघों के साम्राज्य में डिजिटल कैमरे की घुसपैठ और पर्यटन की खुली छूट के कारण तस्कर आसानी से बाघों तक पहुंच रहे हैं।

भारतवर्ष सहित विश्व के अनेक देशों में वन क्षेत्रों में सुधार न आने से बाघों की वंश वृद्धि नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर बाघों को खतरनाक बीमारियों से भी नहीं बचाया जा पा रहा है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि अभ्यारण्यों के आस- पास रहने वाले कुत्ते संक्रामक बीमारी फैलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, जो बाघों के लिए ठीक नही है। इसके अलावा करेंट, आपसी संघर्ष, रेल रोड ऐक्सिडेंट और जहर देकर बाघों को मारना भी बड़ी समस्या बनी हुई है! वर्तमान में देखा जाए तो बाघ संरक्षण भारतवर्ष ही नहीं पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में विद्यमान है ।

**( ये लेखक के विचार हैं )**






रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किश्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773072492



श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर



# शास्त्री अस्पताल में बना रिकार्डः एक दिन में आठ महिलाओं का हुआ सीजर ऑपरेशन, सभी बच्चे स्वस्थ्य

## लाल बहादुर शस्त्री अस्पताल की सर्जन डॉ. श्रुति देवांगन व डॉ. मंजू राठौर की टीम का कमाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। लाल बहादुर शास्त्री शासकीय चिकित्सालय सुपेला में शुक्रवार को एक रिकार्ड बना। अस्पताल में पहली बार एक ही दिन में 8 महिलाओं का सीजर ऑपरेशन किया गया। यही नहीं 8 महिलाओं की नसंबदी भी की गई। सभी 8 महिलाएं ऑपरेशन के बाद स्वस्थ्य हैं और सभी के बच्चे भी स्वस्थ्य हैं। शास्त्री अस्पताल की महिला चिकित्सक सर्जन डॉ. श्रुति देवांगन व डॉ. मंजू राठौर के साथ डॉ. शीतल यादव व ओटी टीम ने शानदार काम करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ. पियाम सिंह ने सभी को बधाई दी है।





शास्त्री अस्पताल सुपेला के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। यहां इससे पहले ऐसा कभी नहीं जो शुक्रवार को हुआ।

अस्पताल में प्रसव पीड़ा के साथ भर्ती हुई 8 महिलाओं का सीजर ऑपरेशन कर सफ्लतापूर्वक डिलीवरी कराई गई। चुंकि सभी की डिलीवरी की डेट एक ही थी तो सीमित साधनों के बाद भी टीम ने शानदार काम किया। सर्जन डॉ. श्रुति देवांगन व डॉ. मंजू राठौड़ के एनेस्थेटिस्ट डॉ. शीतल यादव, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित सोनी, तथा ओटी टीम विधिशा पॉल (प्रभारी बहन), सुखनंदन (तकनीशियन), डोमेश्वर, मनोरमा व मरियम ने इस सफ्ल कार्य को किया।

### दो महिलाओं की कंडीशन थी क्रिटिकल

सीजर के लिए पहुंची 8 में दो महिलाओं की कंडीशन क्रिटिकल थी इसके बाद भी टीम ने इस चैलेंज को स्वीकार किया। यही नहीं 4 महिलाओं का केस भी चैलेंजिंग था। सुबह 10 बजे से 4:30 बजे तक 8 महिलाओं का सीजर ऑपरेशन किया गया। इस दौरान 6 लड़कियों व दो लड़कों का जन्म हुआ। इनमें से एक बच्चे को बीपी की समस्या थी जिसे डॉक्टरों ने आब्जर्वेशन में रखा गया। वहीं शेष सभी बच्चे स्वस्थ्य हैं। सुपेला शास्त्री अस्पताल में पहली बार 8 सीजर ऑपरेशन हुए। इसके साथ ही टीम ने 8 महिलाओं की नसबंदी भी की।

### लगातार हो रहे ऑपरेशन

शास्त्री चिकित्सालय आसपास के लोगों के लिए सुविधाजनक है और लोगों का विश्वास भी बढ़ रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं अस्पताल में मिल रही हैं। लगातार सीजर ऑपरेशन हो रहे हैं। अस्पताल में सीजर के साथ नॉर्मल डिलीवरी भी हो रही है। एक ही दिन में 8 महिलाओं का सीजर ऑपरेशन अपने आप में एक उपलब्धि है। इसके लिए पूरी टीम को बधाई है।

**डॉ पीयम सिंह, प्रभारी**
लाल बहादुर शास्त्री शासकीय चिकित्सालय सुपेला

## खास खबर

### जिले में अब तक 320.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 01 जून से 26 जुलाई तक 320.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 555.2 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 209.0 मिमी बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 276.0 मिमी, तहसील धमधा में 230.6 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 277.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 317.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 26 जुलाई को तहसील दुर्ग में 6.0 मिमी, धमधा तहसील में 11.1 मिमी, पाटन तहसील में 16.1 मिमी, बोरी तहसील में 6.1 मिमी, भिलाई-3 तहसील में 1.4 और अहिवारा तहसील में 16.5 वर्षा दर्ज की गई है।

### जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज से 29 जुलाई तक अवकाश घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में अत्यधिक वर्षा से उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 28 जुलाई 2024 को शासकीय अवकाश के साथ आगामी तीन दिवस 27 से 29 जुलाई 2024 तक अवकाश घोषित किया है। जिले के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं के लिए उक्त अवकाश लागू नही होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## निधन

**डॉ. जयश्री गोपीनाथ**



**भिलाई।** शास्त्री अस्पताल सुपेला के प्रभारी रहे डॉक्टर गोपीनाथ कंडास्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती डॉक्टर जयश्री गोपीनाथ का दिनांक 27.07.2024 को सुबह 9.15 बजे आकस्मित निधन हो गया है। जिनकी अंतिमयात्रा दिनांक 28.07.2024 को उनके निवास स्थान प्रियदर्शिनी परिसर 9/9 से दोपहर 2 बजे निकलेगी।

# बासी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर भिलाई निगम ने की जुर्माने की कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लगातार बारिश को देखते हुए समस्या निवारण हेतु नगर निगम भिलाई का अमला निरंतर भ्रमण कर रहा है। दुकानो में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक की जप्ती एवं चालानी कार्यवाही तथा बेचे जा रहे खादय सामग्री का भी निरीक्षण कर रहा है,कि खाने योग्य है कि नही। इसी तारतम्य में जोन क्रं. 01 का दल द्वारा सड़क पर ठेला लगाकर खादय सामग्री बेचने वाले 6 दुकानो के सामग्री की जॉच की गई। जॉच के दौरान पाया गया कि कुछ दुकानदारो द्वारा खादय सामग्री बासी बेची जा रही है। उसमें दुर्गंध आ रहा था बेचने की योग्य नहीं था। खाने वाले ग्राहको को गरम करके परोसा जा रहा था। बासी खादय सामग्री का जप्ती करते हुए जमीन में गडकर, ब्लीचिंग पाउडर डालकर विनिष्टीकरण किया गया। संबंधितो से 2000 रूपया अर्थदण्ड भी वसूला गया। उसे चेतावनी दी गई दुबारा बेचते हुए पाये जाने पर ठेला ही जप्त कर लिया जायेगा। खादय सामग्री खरीद के खाने वालो को भी चेताया गया कि इस प्रकार खुले में बेचे जा रहे बासी खाने को, ताजा समझ कर खाने से बचें। इसी प्रकार के खादय सामग्री खाने से फूड प्वाइजनिंग हो सकता है।

नगर निगम भिलाई आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देश दिये है कि सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालो पर सक्त कार्यवाही की जावे। दल के सदस्य सभी बाजारो में, दुकानो पर जाकर निरीक्षण करे। जो भी दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक में सामान बेचते हुए पाया जाए।

# सीईओ ने ली ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का कार्य करने तथा नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने को कहा।

साथ ही कचरा संग्रहण के लिए स्वच्छता कर बिल के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि सखियों के माध्यम से




किसानों को बीज उपलब्ध कराने कहा। ग्राम पंचायत स्तर पर पीएमजेजेबीवाई पीएमएसवाई के तहत किसी भी कारण से मृत्यु होने पर जिला पंचायत स्तर से बीमा राशि दावा भुगतान जिला पंचायत स्तर पर बीमा राशि देने में सहायता की जानी है।

महात्मा गांधी मनरेगा व स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभिसरण से निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। मनरेगा व आवास के अभिसरण से जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें एमआईएस में अपडेट किया जाए। अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में दुर्ग के लिए 15, धमधा के लिए 15 तथा पाटन के लिए 12 प्रस्ताव दिये गये हैं। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना को गंभीरता से लेने तथा निर्माण के लिए अधिक प्रस्ताव देने को कहा गया। स्वच्छ भारत मिशन सामुदायिक, व्यक्तिगत शौचालयों की लंबित जियो टैगिंग को तत्काल पूर्ण किया जाए। कचरा संग्रहण के लिए पंचायतों को प्रेरित किया जाए। किसी भी स्थिति में कचरा बाहर न फेंका जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कर निर्धारित करने तथा हाट, बाजार, दुकानों में नियमित रूप से बिल राशि वसूलने को कहा गया। उप अभियंता एवं जिला स्तरीय अधिकारी की टीम से ओडीएफ की तैयारी करने तथा घोषित सर्वे की जांच करने के निर्देश दिए गए। लखपति दीदी स्व-सहायता समूह की बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मनरेगा अंतर्गत अभिसरण के स्व-सहायता समूह की बहनों के लिए योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभाग अंतर्गत बकरी, गाय, मुर्गी, मछली बीज के वितरण की जानकारी अनुसार अभिसरण के तहत निर्माण कार्य स्वीकृत करने को भी कहा।

# आज से 10 अगस्त तक नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जिले के नगरीय निकायों के सभी वार्डों में 27 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण, नल लिकेज, नलों में पानी न आना, नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की साफ-सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी बल्ब ट्यूब का बंद होना एवं दिन प्रतिदिन के कार्यों से संबंधित समस्याओं के निराकरण मौके पर किए जाएंगे। जिन आवेदनों/शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाना संभव नहीं होगा उनकी विभागवार सूची प्रति शिविर पंजीयन रजिस्टर के माध्यम से प्राप्त कर प्रभारी अधिकारी जिला शिकायत शाखा दुर्ग को प्रषित की जाएगी।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़े के सफ्ल आयोजन हेतु नगरीय निकायों में नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है।

जिसमें नगर पालिका निगम दुर्ग हेतु नोडल अधिकारी लोकेश चंद्राकर आयुक्त नगर निगम दुर्ग एवं उनके सहायक नोडल अधिकारी पंचराम सलामे तहसीलदार दुर्ग होंगे। इसी प्रकार नगर पालिका निगम भिलाई के नोडल अधिकारी देवेश ध्रुव आयुक्त नगर निगम भिलाई एवं उनके सहायक नोडल अधिकारी श्री गुरुदत्त पंचभाये, तहसीलदार भिलाई होंगे। नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा के नोडल अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत आयुक्त नगर निगम भिलाई चरोदा एवं उनके सहायक नोडल अधिकारी पवन ठाकुर अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई 3 होंगे। नगर पालिका निगम रिसाली की नोडल अधिकारी मोनिका वर्मा मिश्रा आयुक्त नगर निगम रिसाली एवं सहायक नोडल अधिकारी क्षमा यदु अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग होंगी।

नगर पालिका परिषद कुम्हारी हेतु नोडल अधिकारी महेश राजपूत अनु.वि.अधि. राजस्व भिलाई 3 एवं सहायक नोडल अधिकारी नेतराम चंद्राकर मु.न.पा.अधि. कुम्हारी है। नगर पालिका परिषद जामुल के नोडल अधिकारी लवकेश ध्रुव एस.डी.एम. छावनी एवं सहायक नोडल अधिकारी अंकुर पाण्डेय मु.न.पा.अधि. जामुल है। नगर पालिका परिषद अहिवारा के नोडल अधिकारी उत्तम ध्रुव डिप्टी कले. एवं प्र. तहसीलदार दुर्ग तथा सहायक नोडल अधिकारी सीमा बक्शी मु.न.पा.अधि. अहिवारा होंगे। नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के नोडल अधिकारी दीपक निकुंज अनु.वि.अधि. राजस्व पाटन एवं सहायक नोडल अधिकारी सतीश यादव मु.न.पा.अधि. अमलेश्वर होंगे।

नगर पंचायत पाटन के नोडल अधिकारी श्री दीपक निकुंज अनु.वि.अधि. राजस्व पाटन एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री सौरभ वाजपेयी मु.न.पा.अधि. पाटन होंगे। नगर पंचायत धमधा के नोडल अधिकारी सोनल डेविड अनु.वि.अधि. राजस्व धमधा एवं सहायक नोडल अधिकारी ओंकार प्रसाद ठाकुर मु.न.पा.अधि. धमधा होंगे।

# फसल बीमा आवरण में सम्मिलित करने समन्वित प्रयास करें अधिकारी - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फ्सल बीमा योजना अंतर्गत अधिक से अधिक कृषकों को फ्सल बीमा आवरण में सम्मिलित करने अधिकारियों को समन्वित प्रयास करने कहा है। उन्होंने प्रबंधक अग्रणी बैंक, सी.सी.बी. के सीईओ, उप संचालक कृषि, उप संचालक उद्यानिकी, क्षेत्रीय प्रबंधक एचडीएफ्सी ईरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और चिप्स के जिला प्रबंधक को पत्र जारी कर जिले में कृषि एवं उद्यानिकी फ्सलों हेतु संचालित फ्सल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी जैसे-योजना के प्रावधानों, फ्सल बीमा आवरण में सम्मिलित होने की प्रक्रिया, विभिन्न जोखिमों अंतर्गत दावा भुगतान आदि का प्रचार-प्रसार करते हुए शत-प्रतिशत् कृषकों को बीमा आवरण में शामिल कराने सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। ताकि जिले में योजना अंतर्गत अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हो सकें।

कलेक्टर चौधरी ने कृषक हित को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को उक्त कार्य को सर्व प्राथमिकता देने कहा है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 अंतर्गत 126910 ऋणी कृषक एवं 934 अऋणी कृषकों को फ्सल बीमा आवरण में सम्मिलित की गई है। इसी प्रकार पुनर्गठित मौसम आधारित फ्सल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 अंतर्गत 129 ऋणी कृषक तथा 21 अऋणी कृषकों को फ्सल बीमा आवरण में सम्मिलित की गई है।

# भिलाई क्षेत्र को ओडीएफ प्लस गार्बेज फ्री सिटी बनाने की मुहिम शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर निगम भिलाई को गार्बेज फ्री सिटी ओडीएफ प्लस बनाने अभियान शुरू किया गया है। स्वच्छता में भिलाई को टॉप 10 में लाने के लिए सभी वर्गो से सहयोग लिया जायेगा। जो कार्य नगर निगम भिलाई के साथ-साथ आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, महिला समूह, खिलाड़ी, स्कूल कालेज के छात्र-छात्राओं के बगैर संभव नहीं होगा।




आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव निगम क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये है, जो जाकर कार्यो की मॉनिटरिंग कर रहे है। जोन 1 नेहरू नगर में उपअभियंता श्वेता महेश्वर, जोन 2 वैशालीनगर में उपअभियंता कृष्ण कुमार जंघेल, जोन 3 मदर टेरेसा नगर में उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में उपअभियंता चंदन निर्मलकर, जोन 5 सेक्टर 6 में प्रभा लकड़ा को स्वच्छ भारत मिशन कार्य के लिए आदेशित किया गया है। नोडल अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर, कार्य करने वाली एजेंसी, राज सेवा से नियुक्त पीआईयू से समन्वय बनाकर कार्य करेगें।

इसी तारतम में जोन क्रं. 4 वार्ड क्रं. 38 में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, एनयूएलएम के मिशन मैनेजर, पीआईयू, लोक कर्म विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएँ, सीईओ, सीआरपी द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। मकानो एवं दुकानो में जाकर सबसे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील गई।

स्वच्छता में टॉप 10 में लाने के लिए विशेष कार्यों पर ध्यान देना होगा। प्रत्येक धर, दुकान से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को अलग-अलग करके देना होगा। शहर में कहीं भी कचरे का ढेर न हो निगम के स्वच्छता गाड़ियो में ही कचरा डालें।

सार्वजनिक शुलभ शौचालय साफ हो, सड़को गलियों की सफाई हो, बाजार और दुकानो के बाहर डस्ट बीन रखना होगा। जलाशाय, सार्वजनिक स्थल, नगर निगम के उद्यान, व्यापारी प्रतिष्ठान, हाउसिंग सोसायटी, चैंक चैराहों आदि जगहो को साफ-सुथरा रखना होगा। विधायक, महापौर, आयुक्त ने सभी नागरिको से अपील की है कि सबके सहयोग से ही अपने भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप 10 में ला सकते हैं ।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

## मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक भारतरत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को उनकी पुण्यतिथि 27 जुलाई पर नमन किया है। राष्ट्र के लिए उनके योगदान को याद करते हुए सीएम साय ने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने कई वैज्ञानिक उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाईल कार्यक्रम को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। पूरा विश्व आज उन्हें मिसाइलमैन के रूप में जानता है। बचपन में कठिन परिस्थितियों के बावजूद डॉ. कलाम ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की और भारत के सर्वोच्च पद तक पहुंचे। उन्होंने अपने फौलादी इरादों और सहज स्वभाव से लोगों के दिलों में अपनी अमिट जगह बनाई। डॉ. कलाम जैसे व्यक्तित्व बिरले होते हैं। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और उनका मार्गदर्शन हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

## गंदगी से क्षेत्र के रहवासी थे परेशान, कॉल सेंटर में की शिकायत, घंटों भर में ही मिला समाधान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक कॉल पर समस्याओं का जल्द निराकरण होंरहा है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए जन-समस्या निवारण कॉल सेंटर में नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कॉल कर के शिकायत दर्ज करा रहे हैं जिसका जिला प्रशासन शिकायत से संबंधित विभाग द्वारा विधिवत समाधान किया जा रहा है। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी प्रवीण तिवारी पहने घर के पास शासकीय भूमि में गंदगी होने से परेशान थे आज कलेक्टर समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत करने के कुछ घंटे भर में ही समाधान मिल गया। श्री तिवारी ने कलेक्टर कॉल सेंटर में कॉल कर उक्त स्थान से गंदगी साफ़ करने की शिकायत दर्ज कराई, उनके शिकायत को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन से नगर निगम के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। निगम द्वारा तत्काल मौके में जाकर शासकीय भूमि की सफ़ाई की गई। तत्काल कार्यवाही से आवेदक ने धन्यवाद दिया।

वहीं वार्ड नंबर 52 में नियमित रूप से नाली सफाई नहीं होने से क्षेत्र के रहवासी ख़ासे परेशान थे। कलेक्टर समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत करने के कुछ घंटे भर में ही समाधान मिल गया। स्थानीय निवासी गेंदलाल साहू ने कलेक्टर कॉल सेंटर में कॉल कर के नाली की नियमित सफ़ाई नहीं होने से परेशान थे जिसकी शिकायत दर्ज कराई गई थी।

भाठागांव के शहरी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# मरीजों को मिला सोनोग्राफी का लाभ, गर्भवती महिलाओं का भी उपचार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर भाठागांव के शहरी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जहां मरीजों को सोनोग्राफी और अन्य बीमारी के संबंध में जांच कर उपचार किया गया। इन 3 दिनों में मेकाहारा के विभिन्न विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको ने अपनी सेवाएं दी। पहले दिन कान, नाक और गला के साथ साथ नेत्र, रेडियोलोजी एवं बाल रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी, वहीं दूसरे दिन स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ रेडियोलोजी विभाग और अंतिम दिवस में मेडिसिन, त्वचा रोग, हड्डी रोग के साथ रेडियोलोजी विभाग के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी।



इस शिविर में 650 से अधिक मरीजों की उपस्थिति दर्ज की और उन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। इस शिविर मे निशुल्क चिकित्सकीय जांच, रक्त जांच एव सोनोग्राफी जांच की सेवाए प्रदान की गई, जिसमें लगभग 90 मरीजो की सोनोग्राफी की गई। शिविर में 100 से अधिक लाभार्थी स्त्री रोग एवं गर्भावस्था की जाँच के लिए उपस्थित हुए थे। वहीं सामान्य जांच के लिए करीब 300 लाभार्थी उपस्थित हुए। लगभग 60 लाभार्थी बाल रोग विभाग में गए, बाकि बचे हुए लाभार्थी नेत्र, नाक कान गला, हड्ड़ी एवं त्वचा की जांच के लिए उपस्थित हुए। इस शिविर पर लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं शिविर मे उपस्थित मरीजों एव परिजनों के समक्ष स्वास्थ्य शिक्षा से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

## स्ट्रीट लाईट बंद होने से सड़कों पर अंधेरा, निगम ने की समस्या दूर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक कॉल पर समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए जन-समस्या निवारण कॉल सेंटर में कुकुरबेड़ा आमानाका के निवासियों नें स्ट्रीट लाईट बन्द होने की समस्या बताई। तुरंत शिकायत दर्ज की गई और बिजली विभाग के अधिकारियों को तुरंत जानकारी दी गई। हीरापुर निवासी राकेश प्रसाद ने स्ट्रीट लाईट के लिए आवेदन किया था। इसके तत्पश्चात बिजली विभाग के कर्मचारी मौके में जाकर तुरंत बिजली ट्रांसफार्मर में मरम्मत का कार्य किया गया और समस्या का निराकरण कर दिया गया। इस त्वरित कार्य की नागरिकों ने सराहना की।

# कचरा, गंदगी नहीं दिखनी चाहिए जोन करें सुनिश्चित : अपर आयुक्त

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024: तैयारियों के संदर्भ में ली बैठक दिए आवश्यक दिशा निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अभियान के तहत नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल पर स्थित सभा कक्ष में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी एवं एनयूएलएम प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, एनयूएलएम की मिषन मैनेजरों, स्वच्छता दीदीयों की आवश्यक बैठक स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की समीक्षा एवं तैयारियों के संदर्भ में ली एवं आवश्यक निर्देश दिये।



अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने एनयूएलएम की मिशन मैनेजरों एवं सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को समन्वय रखकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदीयों से समन्वय रखकर यह सुनिश्चित करने निर्देशित किया है कि राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में कही पर भी मुक्कड़ कचरा, गंदगी नहीं दिखना चाहिए। इस हेतु समन्वय रखकर जोन कमिश्नरों के साथ सभी 10 जोनों के 70 वार्डो की स्वच्छता मॉनिटरिंग करते हुए कार्य दायित्वों का निर्वहन करना सुनिष्चित करने निर्देशित किया गया है। अपर आयुक्त ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी एवं एनयूएलएम प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिये है कि स्वच्छ सर्वेक्षण को सफल बनाने एवं रायपुर शहर को श्रेष्ट स्वच्छता रैंकिंग दिलवाने वार्डो एवं जोनों सहित किसी भी स्थान पर गंदगी कचरा मुक्कड़ न दिखे इस हेतु स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों सहित स्वच्छता दीदीयों की जवाबदेही तय कर सतत मॉनिटरिंग की जाये।

अपर आयुक्त ने स्वच्छता दीदीयों को घर-घर जाकर नागरिको को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने एवं उनसे घरों व दुकानों का सूखा व गीला कचरा पृथक -पृथक डस्टबीन में रखकर प्रतिदिन नियमित निगम सफाई मित्र को देने प्रोत्साहित करने कहा है । साथ ही नागरिकों को जलजनित एवं मच्छरजनित रोगो के लक्षणों, निदान की जानकारी देकर इसके प्रति जागरूक बनाने कहा है। नागरिकों के मध्य घरों , दुकानों एवं आस पास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाये रखने एवं मानसून के दौरान स्वस्थ रहने गरम सुपाच्य खाद्य सामग्रियां ग्रहण करने एवं बुखार आने पर समीप के शासकीय अस्पताल में जाकर शासकीय चिकित्सक से संपर्क कर चिकित्सा करवाकर तत्काल स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की जानकारी देकर मोहल्लो एवं बस्तियों में महिलाओं को जागरूक बनाने कहा है।

## बाक्स बैडमिंटन कोर्ट के कार्य को लेकर क्रेडाई ने निगम को सराहा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की लोक कल्याणकारी मंशा के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार राजधानी शहर रायपुर के युवाओं को बैडमिंटन बास्केटबॉल, क्रिकेट आदि की प्रैक्टिस हेतु सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवाने 2 स्थानों पंडरी व तेलीबांधा फ्लाई ओव्हर के नीचे के स्थानों पर बाक्स बैडमिंटन कोर्ट बनाने का कार्य तेज गति से पूर्णता की ओर अग्रसर है एवं इसे शीघ्र पूर्ण कर युवाओं को शानदार सौगात देने की तैयारी की जा रही है।

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में हुई बैठक में चर्चा के दौरान निर्माणाधीन बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट के तेज गति से जारी कार्य को लेकर क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा एवं अन्य सभी पदाधिकारी बिल्डर्स ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन को सराहा और बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट का कार्य पूर्ण होने के पश्चात इसके



नियमानुसार प्रक्रिया के तहत इसके समुचित संचालन एवं संधारण का कार्य करने के प्रति रूचि लेकर सहमति व्यक्त की. उन्होंने नगर निगम रायपुर के माध्यम से किये जा रहे बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट के कार्य को राजधानी के युवाओं के कल्याणार्थ किया जा रहा कार्य निरुपित किया।


क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त के साथ बैठक के दौरान चर्चा में विश्वास व्यक्त किया कि बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट के प्रारम्भ होने पर इससे युवाओं को राजधानी शहर में खेलो की प्रैक्टिस करने सुन्दर व सुरक्षित स्थान शीघ्र मिलेगा एवं लंबे समय तक बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट की जनउपयोगिता कायम रह सकेगी। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम के सबंधित अधिकारियों को तेलीबांधा और पंडरी फ्लाई ओव्हर के नीचे बाक्स बैडमिंटन कोर्ट का शेष फिनिशिंग कार्य शीघ्रता से युवाओं के कल्याणार्थ प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये हैं।

आज दुनिया स्वार्थ पर टिकी है

# लोग एक-दूसरे से केवल लाभ लेने जुड़ते है: विरागमुनि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के सातवें दिन शुक्रवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि जी ने कहा कि आज हर व्यक्ति अपना स्वार्थ सिद्ध करता है। पूरी दुनिया ही स्वार्थ पर टिकी हुई है। अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए व्यक्ति एक-दूसरे से जुड़ता है, एक-दूसरे के काम आता है, एक-दूसरे से संबंध बनाता है वह भी केवल लाभ लेने के लिए। एक बार काम होने के बाद लोग दूसरों को भूल जाते है। काम करते तक लोग साथ रहते है, काम करवाते तक भी साथ रहते है और जब काम न हो तो भी एक व्यक्ति साथ छोड़ देता है। यही दुनिया की रीत है। अगर यह दुनिया से गायब हो जाए तो समझ लेना संसार खत्म हो जाएगा। जब तक आप स्वार्थ वाला जीवन जियोगे, तब तक आप कभी मोक्ष की राह पर अग्रसर नहीं हो पाएंगे। मोक्ष को प्राप्त करना तो बहुत दूर की बात हो जाएगी



क्योंकि आपके अंदर स्वार्थ है और स्वार्थ का मतलब एक बहुत बड़ा पाप आपके अंदर है। अपने छोटे-छोटे स्वार्थ के चलते व्यक्ति पाप का भागीदार बन जाता है। हमें इन पापों को खत्म करने का अभ्यास करना होगा। जैन धर्म में इसके लिए कई उपाय है। आप इन उपायों के द्वारा अपने पापों को कम कर सकते है।

मैं जैसा चाहूं वैसा होना चाहिए, मुझे जो अच्छा लगता है वैसा होना चाहिए। ये सब स्वार्थ है। यही स्वार्थ चाहे आप घर में हो, परिवार में हो, संस्था में हो, मंडल में हो, संघ में हो, चाहे समाज में हो, आप अपनी ही चलाना चाहते है। सास चाहती है मेरे अनुसार घर चले और बहू चाहती है कि वर्तमान समय के अनुसार उसके कहने पर घर का संचालन हो। जब इन दो स्वार्थ का टकराव होता है, तो महाभारत होता है। वैसे तो इतिहास की साक्षी में महाभारत एक बार हुआ और आज हमारे घर में हर दिन महाभारत हो रहा है। सब अपने अनुसार दुनिया चलाना चाहते है। दुनिया आपके अनुसार नहीं, नियमानुसार चलती है। इसलिए आपको दुनिया के नियमानुसार ही चलना होगा क्योंकि अपनी मनमर्जी से जीने वाला व्यक्ति एक भटकता हुआ जानवर के समान होता है।

आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति 2024 के अध्यक्ष पारस पारख और महासचिव नरेश बुरड़ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री की प्रवचन श्रृंखला जारी है, आप सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से निवेदन है कि जिनवाणी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## पानी की समस्या दूर, अब दोनों टाइम मिल रहा एक घंटे पानी

**रायपुर।** जिले में पानी की समस्या को तत्काल दूर करने करने का काम किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि कॉल सेंटर में पानी की समस्या के लिए कॉल पहुंचने पर तत्काल निराकरण कर लिया गया। गुढ़ियारी के जनता कॉलोनी निवासी श्री कोमल कुमार ने कॉल सेंटर में फोन कर अपनी समस्या दर्ज कराई। श्री कोमल ने बताया कि नल से बहुत कम समय पानी मिलता है। इससे पानी की समस्या काफी हो रही थी, लेकिन निगम अमला ने पहुंचकर मेंटनेंस कार्य को पूर्ण कर लिया है। इसके बाद श्री कोमल को और आसपास के लोगों को पर्याप्त पानी मिलना शुरू हो गया है।

सड़क पर बाधा उत्पन्न करने वाले कबाड़ी संचालक से भी वसूला जुर्माना

# गुमास्ता नहीं रखने पर निगम ने देवभोग के तीन मिल्क पार्लर सीलबंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर में जोन 4 क्षेत्र के तहत सिविल लाईन, जोन 10 क्षेत्र के तहत पुरैना, डुंडा, बोरियाखुर्द में मार्ग पर कचरा फैलाने से सम्बंधित जनशिकायत मिलते ही उसे तत्काल संज्ञान में लेकर आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार एवं जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव एवं जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देशानुसार नगर निवेश, राजस्व विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमों की उपस्थिति में जोन 4 के क्षेत्र के तहत सिविल लाईन रावण पुतला के पास मार्ग में कचरा फैलाये जाने की जनशिकायत को स्थल निरीक्षण के दौरान सही पाकर जोन कमिश्नर के निर्देश पर सम्बंधित कबाड़ी दुकान संचालक पर 15000 रुपये सड़क बाधा शुल्क जुर्माना किया।

इसी प्रकार जोन 4 की टीम ने सिविल लाईन में न्यू सर्किट हॉउस के सामने के



मुख्य मार्ग में कार्यवाही कर मार्ग से लगभग 12 अवैध ठेले, गुमटी हटाने और गुमास्ता लाइसेंस नहीं रखने और सम्पतिकर अदा नहीं करने पर सम्बंधित 3 देवभोग मिल्क पार्लर दुकानों को तत्काल सीलबंद करने की कार्यवाही जोन 4 जोन कमिश्नर के निर्देश पर की गयी। इसी तरह निगम जोन 10 की टीम ने जोन क्षेत्र के वार्ड 52 के अमलीडीह में कबाड़ी दुकान ओम ट्रेडर्स पर 15000 रुपये, वार्ड 59 के रिंग रोड नम्बर 1 पुरैना में बच्चा कबाड़ी पर 10000 रुपये, वार्ड 54 में प्रदीप कबाड़ी डुंडा पर 20000 रुपये, सुनील कबाड़ी डुंडा पर 20000 रुपये, एमके प्लास्टिक मेराज खान बोरियाखुर्द पर 20000 रुपये, मातारानी ट्रेडर्स पुराना धमतरी रोड बोरियाखुर्द पर 20000 रुपये कचरा फैलाने पर जोन 10 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा किया गया। और प्राप्त जनशिकायतों का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

## अब दौड़ने पर नहीं थकेगी अंशु, बेहतर उपचार से हुई स्वस्थ

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु से सफल इलाज

**रायपुर।** आरंग की बालिका अंशु दौड़ने पर नहीं थकेगी। क्योंकि अंशु को बेहतर इलाज मिला है। इससे वह स्वस्थ्य होने लगी है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर चिरायु की टीम बच्चों को उपचार की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

हेल्थ टीम ने 10 जुलाई को ग्राम तुलसी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में चेकअप करने के लिए भ्रमण किया। हेल्थ चेकअप के दौरान अंशु निषाद पिता रामरतन कक्षा 8 वीं की छात्रा की हृदय गति असामान्य पाई गई। चेकअप के दौरान पाया गया कि बच्ची का चेहरा अन्य बच्चों से अलग है। स्कूल कैंपस में छात्रा को दौड़ने कहा गया तो डॉक्टर द्वारा देखा गया कि बच्ची तुरंत ही थक जा रही है और चेहरा भी नीला पड़ जा रहा है। तुरंत ही बच्चे के माता पिता को बुलाकर अवगत कराया गया कि इसे हृदय रोग विशेषज्ञ को दिखाना होगा। चिरायु टीम की मदद से नवा रायपुर के सत्य साईं हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डाक्टर द्वारा जांच में पता चला कि दिल में छेद है, जिसे बंद करना आवश्यक है। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए तुरंत ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चैधरी ने चिरायु टीम को निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र ही एडमिट कराया जाए।

23 जुलाई को एडमिट उपरांत सर्जरी भी हो गई और 25 जुलाई 2024 को डिस्चार्ज भी कर दिया गया। इस जटिल कार्य को सफलतापुर्वक कराने पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार मैजरवार, चिरायु टीम के नोडल डॉ. स्वेता सोनवानी, सलाहकार डॉ. रंजना गायकवाड़ एवं विकासखंड आरंग के बी.पी.एम. दीपक मीरे ने चिरायु टीम के डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, ए.एन.एम.श्रीमती टिकेश्वरी साहु एंव एल.टी. मुकेश कुमार साहु की सराहना की। अंशु निषाद के माता पिता ने पूरे स्वास्थ्य विभाग का आभार प्रकट किया।

## मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की सहयता

**रायपुर।** आरबीसी 6-4 के तहत स्वर्गीय भुनेश्वर यादव और स्व. इतवारी लाल निर्मलकर के परिजनो को 4-4 लाख रूप्ये की आर्थिक सहायता दी गई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह द्वारा इन प्रकरणों में स्वीकृति दी जाने पर अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि मृतक स्व. ईतवारी राम निर्मलकर पिता घनाराम निर्मलकर निवासी ग्राम भुरसुदा में खेत में पैरा जलाते समय आग में जलने के कारण 04 फ़रवरी 2024 को मृत्यु हुई थी।











# ये रिश्ता क्या कहलाता है की अक्षरा के नये शो 'दुर्गा' को लेकर आया ये अपडेट

## इस एक्टर की एंट्री से दिखेगा हाई वोल्टेज ड्रामा

ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम प्रणाली राठौड़ अब नये शो में दिखेंगी। शो का बीटीएस वीडियो सामने आया था, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। अब इस शो में एक नये किरदार की एंट्री हो गई है। शो ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम अक्षरा यानी प्रणाली राठौड़ अपने नये सीरियल दुर्गा को लेकर चर्चा में है। इस शो में प्रणाली अलग अंदाज में दिखेंगी। ये रिश्ता के बाद प्रणाली का अगला शो दुर्गा है। इसमें एक्ट्रेस एक्टर आशय मिश्रा के साथ स ीन शेयर करती दिखेंगी। शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित है। इस बीच इन ये सीरियल को लेकर नया अपडेट सामने आया है। अब इसमें एक और किरदार की एंट्री हो गई है।




### सीरियल दुर्गा में इस एक्टर ही हुई एंट्री

सीरियल दुर्गा में एक्टर सचिन वर्मा की एंट्री होने वाली है। सचिन इन दिनों शो झनक में दिख रहे हैं। दुर्गा मे सचिन, आशय मिश्रा के पिता का रोल निभाते दिखेंगे। फिलहाल वो जोधपुर में इसकी शूटिंग कर रहे हैं। ईटाइम्स से बातचीत में दोनों शोज को मैनेज करने को लेकर उन्होंने कहा, मैं अपने शेड्यूल को मैनेज करने के लिए प्रोडक्शन हाउस पर निर्भर हूं। दोनों शो का सेट अगल-बगल में है और इस वजह से मुझे ट्रैवल करने में दिक्कत नहीं होगी। दोनों टीम मेरे जरूरत के हिसाब से शूटिंग के दिनों को अडजस्ट कर देगी।

### सचिन वर्मा ने इन शोज में किया है काम

सचिन वर्मा झनक के अलावा सीआईडी, कुमकुम: एक प्यारा सा बंधन, महाभारत, धर्म योद्धा गरुड़ कई अन्य शोज का हिस्सा रह चुके हैं। बता दें कि झनक में सचिन, हिबा नवाब और क्रुशाल आहूजा के साथ काम कर रहे हैं। झनक के ट्रैक के बारे में बात करें तो अर्शी और अनिरुद्ध की शादी हो गई है। अनिरुद्ध से अर्शी पूछेगी कि क्या वो सिर्फ उससे प्यार करता है। अनिरुद्ध इसपर सही-सही जवाब नहीं देता है। इसपर अर्शी भड़क जाती है और कहती है कि वो अभी भी झनक को ही अपनी पत्नी मानता है। वहीं, झनक अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई जाने वाली है।

# सोशल मीडिया पर तारीफ कराने के लिए पैसे देती हैं जान्हवी कपूर?



फिल्म 'धड़क' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली जान्हवी कपूर अपनी आने वाली फिल्म उलझन के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उलझ' से पहले जान्हवी शरण शर्मा निर्देशित फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया। अब हाल ही में, जान्हवी कपूर ने मजाक में कहा कि जब भी सोशल मीडिया पर उनकी प्रशंसा की जाती है, तो यह माना जाता है कि उनका पीआर काम कर रहा है। हालांकि, उन्होंने इन सभी दावों का खंडन किया है।

पिंकविला को दिए एक नए इंटरव्यू में, अभिनेत्री को बताया गया कि लोग उनके बारे में अच्छी बातें कह रहे हैं। इस पर उन्होंने मजाक में कहा कि वह उन्हें ऐसा कहने के लिए पैसे दे रही हैं। जब उनसे पूछा गया कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह कैसे आगे बढ़ी हैं, तो जान्हवी ने कहा कि वह अपने अभिनय पर कमेंट नहीं कर सकती हैं, और यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे क्या जज करें।

उन्होंने कहा, मैं खुद के बारे में कैसे कुछ कह सकती हूं। मैं ना बड़ी कॉन्फिडेंट हो गई हूं, बड़े अच्छे अच्छे परफॉरमेंस दे रही हूं? मैं खुद नहीं कह सकती ना। जब अभिनेत्री को बताया गया कि लोग उनके बारे में अच्छी बातें कह रहे हैं, तो उन्होंने मजाक में कहा, 'पैसे खिलवा के बुलावा रही हूं।

अपने पीआर को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों के बारे में बात करते हुए, जान्हवी ने कहा, कोई भी मैं जब देखती हूं ना सोशल मीडिया पर गलती से कोई भी तारीफ कर लेता है ना तो ये बोलते रहते हैं कि ये तो इसका पीआर होगा। मैं बोलती हूं 'नहीं इतना बजट है कि मैं लोगों से तारीफ करवाऊं।'

वर्कफ्रंट की बात करें तो सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित उनकी आगामी फिल्म 'उलझ' में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता, राजेश तैलंग, मेयांग चांग और जितेंद्र जोशी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

# संभलकर रहना बाबू! आ गई है 'पटना की परी' अक्षरा सिंह को देखते ही मचलने लगे दिल

**अक्षरा सिंह स्टारर भोजपुरी गाना 'पटना की परी' रिलीज हो चुका है। जिसमें एक्ट्रेस की अदाएं देखकर लोग आहें भर रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह ने अपने नए सॉन्ग 'पटना की परी' के रिलीज होते ही धूम मचा दिया है। ये धमाकेदार गाना, सारेगामा हम भोजपुरी के साथ साथ सारे लीडिंग OTT म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप्स पर रिलीज हुआ है। यह गाना दर्शको को खूब पसंद आ रहा है।**



अक्षरा सिंह, जो अपनी बेहतरीन अदाकारी और शानदार गायकी के लिए जानी जाती हैं, ने इस गाने से अपनी अदाओं और आवाज से सभी का दिल जीत लिया है। गाना आज ही रिलीज हुआ है और देखते ही देखते वायरल हो रहा है।

'पटना की परी' इस गाने में अक्षरा सिंह का नया अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस गाने के जरिए उन्होंने अपने फैंस को फिर इम्प्रेस कर दिया है। उनकी अदाकारी और गायकी बहुत ही शानदार है जिस वजह से वे इस गाने को बार-बार सुनना और देखना पसंद कर रहे हैं। गाने की शानदार बीट्स, आकर्षक लिरिक्स और अक्षरा की मनमोहक अदाओं इसे एक जबरदस्त हिट बना दिया है।

सारेगामा हम भोजपुरी के साथ मिलकर हमने इस गाने को रिलीज किया है और मै इसपर बहुत खुश हू। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद देंगे। मै आप सब का शुक्रिया अदा करती हू। आपकी पसंद और समर्थन ही मुझे नए प्रोजेक्ट्स पर काम करने के लिए प्रेरित करती है।'

बता दें कि गाना पटना की परी को अक्षरा सिंह ने अपनी खूबसूरत आवाज दी। गाने में अक्षरा सिंह के साथ संजय कादयान की जोड़ी मस्त नज़र आ रही है। इसके गीतकार और संगीतकार छोटू रावत हैं, डिओपी और डायरेक्टर सोएब सिद्धिकी और कोरिओग्राफर अमित हैं।

# जहीर इकबाल की इस आदत से परेशान हैं सोनाक्षी सिन्हा

## शादी के एक महीने बाद कहा- अब इसी के साथ जीना सीख रही हूं...

**सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने शादी के पहले करीब सात तक एक-दूसरे को डेट किया। ऐसे में दोनों ही एक-दूसरे की पसंद और नापसंद के बारे में अच्छे से जानते हैं। इसी बीच अब सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू में जहीर की एक अजीबोगरीब आदत के बारे में बताया।**



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी शुदा लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। सोनाक्षी ने पिछले महीने 23 जून को एक्टर जहीर इकबाल से शादी की है। जहीर और सोनाक्षी की शादी काफी सुर्खियों में रही। इस शादी की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुई हैं। शादी के बाद भी दोनों को अक्सर कई जगहों पर स्पॉट किया जा रहा है। हाल ही में दोनों ने अपनी शादी का फर्स्ट मंड एनिवर्सरी मनाई। शादी के पहले दोनों ने करीब सात तक एक-दूसरे को डेट किया। ऐसे में दोनों ही एक-दूसरे की पसंद और नापसंद के बारे में अच्छे से जानते हैं। इसी बीच अब सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू में जहीर की एक अजीबोगरीब आदत के बारे में बताया। साथ ही कहा कि अब उनकी इसी आदत के साथ जीना सीख रही हूं।

### जहीर की इस आदत से परेशान हैं सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा ने हाल ही में गलाटा इंडिया को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर पूछे गए सभी सवालों के जवाब बड़ी ही बेबाकी से दिया। इंटरव्यू में जब सोनाक्षी से पूछा गया कि उन्होंने पति जहीर की कौन सी आदत सबसे ज्यादा बुरी और चुनौतीपूर्ण लगती है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। इस पर सोनाक्षी ने जवाब दिया कि उन्हें सात साल से जानने के बाद, ऐसा कुछ भी नहीं है जो उन्हें खास तौर पर परेशान करता हो। हालांकि, उन्होंने यह जरूर बताया कि जहीर का सीटी बजाने का शौक उन्हें थोड़ा परेशान करता है। सोनाक्षी ने कहा कि वो बहुत अच्छी सीटी बजाते हैं, लेकिन लगातार सीटी बजाना मुझे ज्यादा पसंद नहीं है। इस चीज से मुझे थोड़ी दिक्कत होती है।

### जहीर को शादी के लिए सोनाक्षी ने किया था प्रपोज

सोनाक्षी सिन्हा ने इंटरव्यू के दौरान एक दिल छूने वाली बात भी शेयर की। उन्होंने खुलासा किया कि वह जहीर से अपने प्यार का इजहार करने वाली पहली शख्स थीं। सोनाक्षी ने हिम्मत करके जहीर से कहा था कि वह उनसे शादी करेंगी, चाहे वह सहमत हों या नहीं। जैसे-जैसे उनका रिश्ता गहरा होता गया, जहीर आखिरकार मान गए और शादी के लिए राजी हो गए।

# फराह खान पर टूटा दुखों का पहाड़, मां ने दुनिया को कहा अलविदा

**कोरियोग्राफर से फिल्म निर्माता बनीं फराह खान और साजिद खान की मां मेनका ईरानी का आज सुबह 3 बजे निधन हो गया। वह 79 वर्ष की थी। वह काफी समय से बीमार थीं और अस्पताल में थी। वह बाल कलाकार डेजी ईरानी और हनी ईरानी की बहन थी। कोरियोग्राफर-निर्देशक फराह खान और निर्देशक साजिद खान की मां मेनका ईरानी का आज मुंबई में निधन हो गया।**



उन्होंने महज 79 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। मेनका बाल कलाकार डेजी ईरानी और हनी ईरानी की बहन थी। उन्होंने 1963 में आई फिल्म बचपन में एक अभिनेता के रूप में भी काम किया, जिसमें सलमान खान के पिता और पटकथा लेखक सलीम खान भी थे। बाद में उन्होंने फिल्म निर्माता कामरान से शादी की। बताया जा रहा है कि मेनका पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी।

दिग्गज अभिनेत्री ने दो हफ्ते पहले ही अपना 79वां जन्मदिन मनाया था। फराह ने अपनी मां की प्यारी सी तसवीर शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था, हम सभी अपनी मां को हल्के में लेते हैं, खासकर मैं! पिछले महीने यह एहसास हुआ कि मैं अपनी मां मेनका से कितना प्यार करती हूं।। वह सबसे मजबूत, सबसे बहादुर व्यक्ति हैं, जिन्हें मैंने कभी देखा है। कई सर्जरी के बाद भी चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती है। जन्मदिन मुबारक हो मां! आज घर वापस आने के लिए अच्छा दिन है। मैं तब तक इंतजार नहीं कर सकती, जब तक आप इतने मजबूत न हो जाएं कि मुझसे फिर से लड़ना शुरू कर सकें। मैं तुमसे प्यार करता हूं।

फराह खान ने पहले एक इंटरव्यू में शेयर किया था कि कैसे पिता के मौत के बाद उन्होंने वित्तीय कठिनाइयों का सामना किया था। फराह ने खुलासा किया, हां, मैं एक फिल्मी परिवार से थी, लेकिन जब मैं पांच साल की हुई, तो हम गरीब थे। हमने अपना सारा पैसा खो दिया था, पिताजी की फिल्म फ्लॉप हो गई थी। हमारे पास अमीर से गरीब बनने की कहानी थी। साजिद, हमारी मां और मुझे हमारे रिश्तेदारों का सपोर्ट मिला, जिन्होंने विनम्रतापूर्वक हमें अपने घर में रहने की अनुमति दी।

# कान में इंफेक्शन होने पर दिखते हैं ये लक्षण

## जानिए घर में वैक्स को क्लीन करने का सही तरीका

बारिश के दिनों में कान में खुजली, इंफेक्शन और पानी जाने से वैक्स फूलने का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में जब आप कान को साफ करते हैं या वैक्स को निकलते हैं तो इससे कान में इंफेक्शन हो सकता है। वहीं कुछ लोग अक्सर नुकीली चीज जैसे चाभी, टूथपिक, माचिस की तीली से कान के अंदर सफाई करने लगते हैं। ये नुकीली चीजें कानों के पर्दे के डैमेज कर सकती हैं। जिससे आपके कान में दिक्कत हो सकती है। दरअसल कान में जमा वैक्स हमारे कानों को प्रोटेक्ट करने में मदद करती है। अगर वैक्स बहुत बढ़ गई है तो किसी डॉक्टर से जाकर निकलवा लें या खुद निकाल रहे हैं तो खास सावधानी बरतें। आइये जानते हैं कान की सफाई करनी चाहिए या नहीं और कर रहे हैं तो किन चीजों का इस्तेमाल बिलकुल न करें?

### कानों में वैक्स क्यों होता है?

आप जब भी कानों को साफ़ करते है तो आप कान से वैक्स निकालते हैं, जो आपको लगता है कि जमा गंदगी है। लेकिन ये ईयर वैक्स होता है जो कानो को ड्राई होने से प्रोटेक्ट करता है। आपको बता दें इस वैक्स में एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टी होती हैं जो कान को अंदर से खुद ही साफ कर देती हैं। ये वैक्स कानों को बहुत सी परेशानियों से बचाता है।

- कान में वैक्स एक फिल्टर की तरह काम करता है जो आपके कानों को प्रोटेक्टेड रखता है।
- ये वैक्स आपके कानों को गंदगी, धूल आदि से बचाता है और उसे कानों के अंदर जाने से रोकता है।
- जब आप कानों को साफ करने की कोशिश करते है तो कई बार इससे इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है।
- कई बार इंफेक्शन बढ़ने के कारण सुनाई देना भी बंद हो सकता है और कान अंदर से डैमेज हो सकता है।

### कान में इंफेक्शन के लक्षण

- हमेशा कानों में दर्द होते रहना
- कान अक्सर भरा भरा सा लगना
- कभी कभी बिलकुल भी सुनाई न देना।
- बिना किसी आवाज होने पर भी कानों में आवाज सुनाई देना।
- कानो में हमेशा खुजली होना
- कानो से अजीब सी बदबू आना

### क्या कानों की सफाई करनी चाहिए?

डॉक्टर्स की मानें तो कभी भी खुद से कान की सफाई नहीं करनी चाहिए। अगर कभी वैक्स के कारण कान में भारीपन या भरा-भरा लग रहा है तो कानों को घर पर भी साफ कर सकते हैं। कई बार वैक्स बढ़ने और ब्लॉकेज होने पर कान से कम सुनाई देने लगता है। ऐसे में खुद से कान की सफाई बिल्कुल भी न करें।

किस तरह से करें कानों को साफ

सबसे पहले एक साफ सूती कपडा ले लें। अब कानों में कोई बेबी ऑइल की कुछ बूंदें डालें और थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब कपड़े से धीरे-धीरे कानों में जमा एक्स्ट्रा वैक्स को निकालने की कोशिश करें।

### कान की सफाई करते वक्त इन चीजों का इस्तेमाल न करें

- धारदार चीजें
- ईयरबड्स
- ईयर कैंडल



# अगर आप भी हो गए है डेंगू का शिकार, तो दवाई की जगह इन फूड्स का करें सेवन, तेजी से बढ़ेगा प्लेटलेट्स

**देशभर में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बरसात आते ही देश के अलग-अलग हिस्सों से डेंगू के मामले सामने आने लगते हैं। यह मच्छरों से होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जो आमतौर पर गर्मी और बरसात में सबसे ज्यादा लोगों को अपना शिकार बनाती है। आमतौर पर शरीर में इनकी संख्या 1।5 लाख से 4।5 लाख तक प्रति माइक्रोलीटर होनी चाहिए। लेकिन आजकल डेंगू के बढ़ते प्रकोप से लोगों में प्लेटलेट्स की कमी हो रही हैं। ऐसे में दवा लेने से बेहतर उपाय है इन फलों का सेवन। इससे प्लेटलेट्स तेजी से बड़ने लगेंगे। साथ ही ये फूड्स आपको डेंगू से रिकवर करने में भी मदद करते हैं।**



### प्लेटलेट्स बढ़ाने वाले फूड्स

- कीवी : **विटामिन्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स** से भरपूर कीवी इम्यूनिटी बूस्टर मानी जाती है। कीवी खाने से रेड ब्लड सेल्स बनता है, जिससे प्लेटलेट्स काउंट बढ़ने में मदद मिलती है। कीवी डेंगू मरीजों को जल्दी रिकवर कर सकता है।
- अनार : **अनार विटामिन**- सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जिसे खाने से इम्यूनिटी तेजी से बढ़ती है। अनार में आयरन मौजूद होता है, जो प्लेटलेट्स बढ़ाने का काम करता है। अनार का पल या जूस लेने से एनीमिया की समस्या दूर होती है और डेंगू से भी बचाव हो सकता है।
- खट्टे फल : डेंगू के मरीजों को खट्टे फल जरूर खाने चाहिए। ये भल विटामिन सी से भरपूर होते हैं, जो प्लेटलेट्स बढ़ाने में मदद करते हैं। इन फलों को खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है, जिससे संक्रमण शरीर से दूर रहता है। इन फलों में संतरा, नींबू और आंवला जैसे फल हैं।
- पपीता : प्लेटलेट काउंट बढ़ाने में पपीता बेहद फायदेमंद है। इसमें एसिटोजेनिन नाम का फाइटो केमिकल मिलता है, जो प्लेटलेट्स को बढ़ाने में मददगार होता है। कहा जाता है कि पपीते के पत्तों का रस व्हाइट ब्लड सेल्स बनाता है। जिससे डेंगू से बचने में मदद मिलती है।
- चुकंदर : डेंगू के मरीजों को चुकंदर से भी लाभ हो सकता है। इसमें आयरन पाया जाता है, जो हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाने का काम करता है। चुकंदर के तत्व प्लेटलेट्स को फ्री रेडिकल्स से जो नुकसान होता है, उससे बचाते हैं। इसे खाने से प्लेटलेट्स काउंट तेजी से बढ़ सकता है।
- मुनक्का : डेंगू के मरीजों को मुनक्का खाने से भी फायदा मिल सकता है। मुनक्के को रातभर पानी में भिगोकर खाने से शरीर को खूब आयरन मिलता है, जिससे प्लेटलेट्स तेजी से बढ़ सकता है। सुबह खाली पेट भिगा मुनक्का खाना बेहद फायदेमंद हो सकता है।

# भारी बारिश के बीच महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार की नजर बाढ़ जैसे हालात पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंबई। पश्चिमी घाट (सह्याद्रि पर्वतमाला) में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है। ऐसे में बाढ़ और बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार एक दूसरे के संपर्क में है और स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं।महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार मौजूदा घटनाक्रम को लेकर कर्नाटक के साथ लगातार संपर्क में है, जिनके कारण पहले कठिन परिस्थितियां पैदा हुई थीं।**



फडणवीस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र सरकार कर्नाटक सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। कर्नाटक के अतिरिक्त सचिव और अलमट्टी बांध के चीफ इंजीनियर के साथ लगातार बातचीत की जा रही है। कर्नाटक सरकार से 517.5 मीटर का जलस्तर (एफआरएल) बनाए रखने के लिए कहा गया है और इसे मंजूर कर लिया गया है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य में भारी बारिश के कारण कुछ बांधों से पानी छोड़ना पड़ा है। वह सिंचाई विभाग के साथ लगातार संपर्क में हैं। विभाग को स्थानीय प्रशासन के साथ संपर्क में रहने को कहा गया है।

खडकवासला बांध से गुरुवार को 35 हजार 300 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। अब 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और बारिश की स्थिति के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। इसी तरह, कोयना बांध से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो सुबह 3 बजे 30 हजार क्यूसेक हो गया, अब इसके 40 हजार क्यूसेक तक पहुंचने की उम्मीद है।

पहले की तरह राज्य से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों में चिंताजनक स्थिति पैदा हो सकती है। 2019 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान दोनों राज्यों के बीच राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था। बाद में, तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी सरकार ने एक विशेषज्ञ अध्ययन समिति (ईएससी) का गठन किया था, जिसने अगली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार को अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी।

दिलचस्प बात यह है कि ईएससी ने 2019 बाढ़ विवाद पर कर्नाटक को क्लीन चिट दे दी थी। साथ ही पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) गठबंधन पर भी उंगली उठाई थी। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में बारिश और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा के लिए देर रात बैठक की। गुरुवार को इस बाढ़ के कारण कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई।

## खास खबर

### भरतमुनि की नायिकाएं 28 को उतरेंगी मंच पर, 120 कलाकार करेंगे जीवंत

**भिलाई।** कृष्ण प्रिया कथा केंद्र दुर्ग भिलाई की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति 'घुंघरुओं का सफर' श्रृंखला के अंतर्गत नृत्य नाटिका 'नायिका' का मंचन 28 जुलाई रविवार की शाम महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में होने जा रहा है। इसमें प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क है। केंद्र की संचालक उपासना तिवारी ने बताया कि यह नृत्य नाटिका प्राचीनकालीन नाट्यशास्त्र में भरतमुनि द्वारा वर्णित अष्ट नायिकाओं पर आधारित है। जिसमें भरत मुनि ने सभी 8 नायिकाओं के व्यवहार और प्रकार का विस्तार से वर्णन किया है। इसमें नारी के मनोभावों का और उसके प्रेम के विभिन्न चरणों का वर्गीकरण सूक्ष्मता से है। नृत्य नाटिका 'नायिका' में इसे गीत-संगीत के संयोजन के साथ मंच पर भव्यतम रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान के 29 वें वर्ष में होने जा रहे इस आयोजन में 10 वर्ष से 24 वर्ष की आयु के 120 कलाकार मंच इस नृत्य नाटिका को साकार करेंगे। इसका लेखन व निर्देशन स्वयं उपासना तिवारी का है। संगीत संयोजन रविंद्र कर्मकार, वी के सुंदरेश संगीत, बिन्नी पॉल मिक्सिंग, सौमेंद्र फड़के, घुंघरू का स्वर जितेंद्र मानिकपुरी, बिंदिया का स्वर उपासना तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर दिव्या राहटगांवकर, सेजल चौधरी, नीलिमा वासनिक, सहयोगी अवनी अग्रवाल, देविका दीक्षित और एलईडी ग्राफिक्स सेजल चौधरी का है। उपासना तिवारी ने बताया कि नृत्य नाटिका के सफल मंचन के लिए सभी कलाकारों के साथ पूरी टीम नियमित अभ्यास कर रही है।

### भाजपा युवा मोर्चा ने सैनिकों एवं शहीद जवानों के परिवारों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर युवा मोर्चा, जिला भिलाई के द्वारा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस के द्वितीय चरण कार्यक्रम के उपलक्ष्य में देशभक्ति गीत संगोष्ठी, भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीद जवानों के परिवार का सम्मान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक (एस.पी) जितेंद्र शुक्ला जी, शहीद कौशल यादव के भाई रामभवन यादव, पूर्व सैनिक हरप्रीत सिंह जी, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर जी, भाजपा जिला महामंत्रीद्वय प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, रूंगटा ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख नितेश मिश्रा, प्रचार प्रमुख आकाश ठाकुर, कार्यक्रम संयोजक रोहन सिंह, राहुल परिहार, मयंक गुप्ता, जिला मंत्री सौरभ चटर्जी, पी राज, मंडल अध्यक्ष विनय सेन, नवीन सिंह, पीयूष अग्निहोत्री, कृष्णा द्विवेदी, कन्या शक्ति संयोजिका संस्कृति वर्मा, उत्तर साहू, आशुतोष तिवारी, सूरज शाह, राकेश सोनकर, सिद्धार्थ सिंह, सूरज सिंह, अर्पित तिवारी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने दी।

### कलेक्टर ने फ्लाई ओव्हर के नीचे विभिन्न खेलों के लिए कार्य तेज करने निर्देश दिए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की लोककल्याणकारी मंशा के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार राजधानी शहर रायपुर के युवाओं को बैडमिंटन बास्केटबॉल, क्रिकेट आदि की प्रैक्टिस हेतु सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवाने 2 स्थानों पंडरी व तेलीबांधा फ्लाई ओव्हर के नीचे के स्थानों पर बाक्स बैडमिंटन कोर्ट बनाने का कार्य तेज गति से पूर्णता की ओर अग्रसर है एवं इसे शीघ्र पूर्ण कर युवाओं को शानदार सौगात देने की तैयारी की जा रही है। लेकर क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा एवं अन्य सभी पदाधिकारी बिल्डर्स ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन को सराहा और बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट का कार्य पूर्ण होने के पश्चात इसके नियमानुसार प्रक्रिया के तहत इसके समुचित संचालन एवं संधारण का कार्य करने के प्रति रूचि लेकर सहमति व्यक्त की।

## आईआईटी भिलाई में कारगिल विजय दिवस मनाया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई ने 26 जुलाई को कारगिल युद्ध में लड़ने वाले सैनिकों के सम्मान में कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर, आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश और आईआईटी भिलाई समुदाय ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों की बहादुरी को नमन किया। इस वर्ष कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ है।

आईआईटी भिलाई के कर्मचारी जो भारतीय सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में पूर्व सैनिक हैं, उन्होंने अपनी सेवा अवधि के दौरान अपनी कहानियाँ और अनुभव साझा किए। कारगिल विजय दिवस उनके बलिदानों की एक गंभीर याद दिलाता है और उनकी वीरता का उत्सव है, जो राष्ट्रीय गौरव और कृतज्ञता के एक एकीकृत क्षण के रूप में कार्य करता है।

## उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत साक्षर करने दिलाई गई शपथ

### स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से असाक्षरों को बनाया जाएगा साक्षर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम'' के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण प्रभात मलिक के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एस. आलोक की अध्यक्षता में डाइट के सभाकक्ष में स्वयं सेवकों का सम्मेलन आयोजित हुआ।

सीईओ आलोक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है जो सभी के लिए शिक्षा के लिए प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में 35000 असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य है। सम्मेलन में उन्होंने सभी को साक्षर करने हेतु शपथ दिलाई गई। सम्मेलन में जिला



शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, डाइट के प्राचार्य मीना पाणिग्रही, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर, जिला समन्वयक जिला साक्षरता मिशन रेखराज शर्मा, डाइट के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने सीईओ को विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियां से एंट्री कार्य से आ रही परेशानियों के संबंध में अवगत कराया उसका समाधान बताया। सीईओ ने सभी अधिकारियों और शिक्षकों को आम जनता को 'उल्लास नवभारत साक्षरता'' कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान कर तथा अभियान चलाकर एंट्री कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ ने ''उल्लास केंद्र'' तथा शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन, उल्लास कार्यक्रम हेतु वातावरण निर्माण, प्रवेशिका निर्माण, पठन-पाठन सामग्रियों की व्यवस्था, ''उल्लास नवभारत साक्षरता'' कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं, कुशल प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण तथा उल्लास केन्द्रों का संचालन आदि की जानकारी ली गई।

सीईओ श्री आलोक ने कहा कि 2022-23 से 2024-25 तक जिले के असाक्षरों को स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का शीघ्र ही चिन्हांकन करके उसे उल्लास पोर्टल में दर्ज करना उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर तक एवं नगरीय निकायों में वार्ड प्रभारी की भी चयन कर करें, जिनके माध्यम से यह अभियान सुचारू रूप से समय सीमा में चलाया जाना है।

## एनआईटी रायपुर में होलिस्टिक अप्रोच टू डिजाइन हॉस्पिटल्स पर 5 दिवसीय ऑनलाइन एसटीटीपी का हुआ समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग विभाग द्वारा 26 जुलाई 2024 को होलिस्टिक अप्रोच टू डिजाइन हॉस्पिटल्स 2024 विषय पर आयोजित ऑनलाइन शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम(एसटीटीपी) के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईटी रायपुर के डीन (फैकल्टी वेलफेयर) डॉ. देबाशीष सान्याल रहे।**

इस कार्यक्रम में संकाय सदस्य, प्रतिभागी और छात्र भी उपस्थित रहे। आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग विभाग के प्रमुख डॉ. अबीर बंदोपाध्याय इस 5-दिवसीय कार्यक्रम के संयोजक रहे, जबकि सहायक प्रोफेसर डॉ. हिमांशु पोपटानी और डॉ. श्रुति एस. नागदेवे समन्वयक की भूमिका निभाई।

समारोह की शुरुआत डॉ. श्रुति एस. नागदेवे ने कार्यशाला की पांच दिनों की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण देते हुए की, जिसमें आपदा प्रबंधन, रोगियों के लिए उपचारात्मक वातावरण, अस्पताल डिजाइन के लिए इंजीनियरिंग सेवाएं और कोविड-19 के बाद अस्पतालों के डिजाइन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे । डॉ. नागदेवे ने इंटरैक्टिव सत्रों, प्रस्तुतियों और व्यावहारिक प्रशिक्षण के बारे में भी बताया, जो प्रतिभागियों ने अस्पतालों के डिजाइन और योजना के बारे में प्राप्त की। इस दौरान रोबोटिक्स और एआई के माध्यम से भविष्य के अस्पतालों के डिजाइन पर भी चर्चा की गई। इस एसटीपीपी के प्रतिष्ठित वक्ताओं में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली के डीन (अनुसंधान) व प्रोफेसर डॉ. अनिल दीवान, रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर (लैंडस्केप) डीडीए डॉ. पूनम दीवान, एसपीए, नई दिल्ली में प्रैक्टिसिंग आर्किटेक्ट और फैकल्टी मेम्बर संदल कपूर, और एमईपी सलाहकार इंजीनियर श्री जयंत सामल शामिल रहे। इन विशेषज्ञों ने अस्पतालों के वर्गीकरण, स्टैण्डर्ड ,आपदा प्रबंधन, अस्पतालों की योजना और डिजाइन, सुविधा प्रबंधन, अस्पतालों में इंजीनियरिंग सेवाओं और अस्पताल डिजाइन के भविष्य पर अपने व्यापक ज्ञान को साझा किया।

डॉ. देबाशीष सान्याल ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम की सराहना की। उन्होंने आयोजकों और प्रतिभागियों को उनके समर्पण और सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी, जिससे कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित हुई। डॉ. सान्याल ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सराहा जो पेशेवरों और छात्रों दोनों के कौशल को बढ़ाने में मदद करते हैं और उन्हें अस्पताल डिजाइन और स्वास्थ्य संरचना में जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। डॉ. अनिल दीवान ने भी एसटीटीपी की सफलतापूर्व पूर्णता पर बधाई दी। उन्होंने एनआईटी रायपुर को इस क्षेत्र में शोध कार्य करने और वास्तुकला, स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग विषयों को एकीकृत करने वाले विशेष पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया। डॉ. दीवान के सुझाव ने अस्पताल डिजाइन और स्वास्थ्य समाधान में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

समारोह का समापन डॉ. हिमांशु पोपटानी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। डॉ. पोपटानी ने इस कार्यक्रम हेतु संस्थान के सहयोग की सराहना की तथा अस्पताल डिजाइन के क्षेत्र को उत्तम बनाने निरंतर सीखने और सहयोग के महत्व पर बल दिया।

## स्वास्थ्य विभाग ने लगाए गए स्टॉल में 156 लोग हुए लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में धरमजयगढ़ विकासखण्ड के विजयनगर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। जहां मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। जहां 156 लोगों ने स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया।**

सीएमएचओ डॉ. बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला टीकाकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल व जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण करने के लिये आज प्रातः 9 बजे से विजयनगर के चिकित्सक/कर्मचारी की ड्यूटी एक दिवस के लिये शिविर में लगायी गयी। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार जायसवाल, डॉ.रितु, एवं भूपेन्द्र पटेल आर.एम.ए द्वारा जांच किया गया तथा दवा वितरण लैब जांच, एन.सी.डी. आयुष्मान कार्ड आवश्यक व्यवस्था किया गया।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कुपोषित बच्चे के आवासीय परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें मनोरंजन के साधन हेतु खिलौने, टी.वी. की व्यवस्था तथा उनके परिजनों को काउसिलिंग करते हुए आवयश्क दिशा निर्देश दिए।

### जंगल सफारी नवा रायपुर में 28 को द वाइल्ड प्राइमर का आयोजन

**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी, जैव विविधता अन्वेषण और अनुसंधान केंद्र के सहयोग से, द वाइल्ड प्राइमर के आयोजन किया जा रहा है। यह एक रोमांचक अनुभव है जिसे विशेष रूप से उन प्रकृति प्रेमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो वन्य जीवन की दुनिया में यात्रा करने की इच्छा रखते हैं। यह कार्यक्रम रविवार, 28 जुलाई, 2024 को सुबह 7:00 बजे से 11:15 बजे तक नवा रायपुर में जंगल सफारी परिसर में आयोजित किया जाएगा।यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है जो वन्य जीवन की दुनिया में एक्स्प्लोर करने की इच्छा रखते है, लेकिन उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता ।

























## खास खबर

### नक्सल मोर्चे में तैनात बस्तर फाइटर के एक जवान की मलेरिया से हुई मौत



**कांकेर।** जिले में नक्सल मोर्चे में तैनात बस्तर फाइटर के एक जवान उत्तम मंडावी उम्र 24 वर्ष निवासी भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम कराठी की मलेरिया से मौत हो गई। मृतक जवान उत्तम मंडावी कोड़ेकुर्से में कांकेर-नारायणपुर सीमा इलाके में पदस्थ था। जहां उसकी तबियत खाराब होने से उपचार के लिए जवान उत्तम मंडावी को कांकेर जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में 19 जुलाई को भर्ती किया गया। इलाज के दौरान जवान मलेरिया और पीलिया संक्रमित मिला, जवान की स्थिति नाजुक थी। उसे बेहतर उपचार के लिए मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। गंभीर स्थिति के देखाते हुए मेकाहारा से बालाजी अस्पताल रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कांकेर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि आरक्षक उत्तम मंडावी के कई अंग काम नहीं कर रहे थे। जिसे रायपुर रिफर किया गया था। जवान पीलिया से भी संक्रमित था। पीलिया कब से था, यह जानकारी परिजनों से जुटाई जा रही है।

### सड़क किनारे एक अज्ञात बुजुर्ग का मिला शव

**कोंड़ागांव।** जिले के केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत आंवराभाटा चौक के पास आज शुक्रवार सुबह एक बुजुर्ग का शव देखा गया। शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात वाहन के द्वारा पैदल जा रहे अज्ञात बुजुर्ग को ठोकर मारने से उसकी दुघर्टना मौत होना प्रतीत हो रहा है, मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच की जा रही है। शव को पीएम के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

केशकाल थाना प्रभारी नरेश साहू ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि सड़क किनारे एक बुजुर्ग का शव देखा गया है, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है, उन्होने बताया कि संभवत: पैदल जा रहे मृतक बुजुर्ग को पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर फरार हो गया। जिससे अज्ञात बुजुर्ग की मौत की संभावना है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### बर्तन दुकान में चोरी करने वाला चोर पकड़ाया

**दुर्ग।** शहर के सिटी कोतवाली थानाक्षेत्र के एक बर्तन दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोर को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग नयापारा चौक निवासी दुर्गेश कुमार गुप्ता ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 जुलाई की दरमियानी रात उसके बर्तन दुकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने दुकान के गल्ले से 1660 रूपये,कांसे का पुराना बर्तन बजन 12 किलोग्राम, तांबे का तार 12 किलो एंव डीवीआर चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया तथा आरोपी की खोजबीन शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना पर पंचशील नगर दुर्ग निवासी बिरेन्द्र साहू को पकडक़र कड़ाई से पुछताछ किया तो उसने चोरी की बात स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में युवक को घसीटने वालों पर बड़ी कार्रवाई

## रेलवे ने तीन स्टॉल किए सील, तीन आरपीएफ कर्मी निलंबित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह बिस्किट पैकेट चुराने का प्रयास कर रहे युवक को स्टॉल संचालकों द्वारा प्लेटफार्म पर घसीटा गया। इस मामले में रेलवे ने अब बड़ा एक्शन लिया है। रेलवे ने स्टेशन पर स्टॉल चलाने वाले सनशाइन कैटरर्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्टॉल सील कर दिया है। वहीं इस मामले में आरोपी स्टॉल संचालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यही नहीं इस मामले में रेलवे ने आरपीएफ के एक सहायक उप निरीक्षक व दो महिला आरक्षकों को भी निलंबित कर दिया है।

बता दें शुक्रवार 26 जुलाई तड़के 3:15 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पर 4 लोगों ने 1 युवक की पिटाई की है और उसका पैर बांधकर घसीटा। युवक को घसीटने वाले यहां प्लेटफार्म पर स्टॉल का संचालन करते हैं। यह स्टॉल सनशाइन कैटरर्स प्राइवेट लिमिटेड के हैं। युवक की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने भूख लगने पर स्टॉल से एक बिस्किट का पैकेट चुराने का प्रयास किया था। इसके बाद स्टॉल संचालकों ने युवक को पहले पीटा और उसके बाद उसके पैर बांधकर प्लेटफार्म क्रमांक 5 से घसीटते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर ले गए। खास बात यह रही कि इस दौरान मौके पर आरपीएफ का एक उप निरीक्षक और दो महिला आरक्षक मौजूद रहे लेकिन इन लोगों ने इसे रोकने का प्रयास नहीं किया।





### वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन में रेलवे

इस पूरी घटना का प्लेटफार्म क्रमांक एक पर मौजूद एक यात्री ने वीडियो बना लिया। वीडियो बनाते समय उसने पूछा कि यह क्या कर रहे हो तो घसीटने वाले वेंडर्स ने कहा यह चोर है और चोरी करता है। यात्री ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद रेलेव ने संज्ञान में लिया। पहले युवक की पहचान की गई। युवक की पहचान मयंक तिवारी के रूप में हुई जो कि आमापारा का निवासी है। पीड़ित की मां मां ज्योति तिवारी की शिकायत पर जीआरपी ने स्टेशन रायपुर के स्टाल वेंडर अंकित मिश्रा, आशुतोष पटेल, सुनील शुक्ला व बसंत प्रधान को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170, 126, 135(3) के तहत जेल भेज दिया गया।

### तीन स्टॉल सील, तीन आरपीएफकर्मी निलंबित

इस मामले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए रेलवे स्टेशन पर संचालित सनशाइन कैटरर्स प्राइवेट लिमिटेड के 3 स्टॉलों को सील कर दिया गया है। रेलवे ने प्लेटफॉर्म 5 व 6 पर स्थित स्टाल सी1 सुनील शुक्ला, प्लेटफॉर्म एक पर स्टाल ए 4 अंकित मिश्रा तथा प्लेटफॉर्म एक पर संचालित स्टाल ए5 बसंत प्रधान व आशुतोष पटेल को सील कर दिया। इसके अलावा ड्यूटी में लापरवाही बरतने और घटना के दौरान प्रतिक्रिया न देने के लिए सहायक उप निरीक्षक और 2 महिला आरक्षक सहित 3 आरपीएफ कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

# बैंक कर्मी ने की खुदकुशी

**रायपुर (ए.)।** राजधानी में एक एसबीआई कर्मचारी ने अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। पुलिस को कमरे में सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने अपने परिवार वालों से माफी मांगी है।

मिली जानकारी के मुताबिक, एसबीआई बैंक के होम लोन डिपार्टमेंट में काम करने वाले सौरभ सिंह ने अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शुक्रवार को वह घर पर अकेले था। उसकी पत्नी अपने काम से बाहर निकली थी। उसने अपने पति को घर पर फोन कर हाल-चाल जानना चाहा। फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद वह घर पहुंची तो कमरे का एक दरवाजा अंदर से बंद था। वह बैक डोर से कमरे के अंदर गई। सौरभ की लाश रस्सी के सहारे पंखे पर लटक रही थी। उसने फौरन चाकू की मदद से रस्सी काटकर लाश को नीचे उतारा, लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में युवक ने लिखा है कि वह अपनी मानसिक स्थिति के कारण सुसाइड कर रहा है। इसके लिए उसने अपने मां-बाप और पत्नी से माफी मांगी है। आगे लिखा कि वह एक अच्छा बेटा, अच्छा पति और एक अच्छा भाई नहीं बन पाया।

फिलहाल घटना के बाद परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है। फाने नही उठाने पर घर पहुंची पत्नी ने फंदे पर लटकते देखा ओपर लटककर अपनी जान दे दी है। वह कुर्सी के सहारे खड़े होकर गले पर नायलॉन की रस्सी डालकर पंखे में झूल गया। जब उसकी पत्नी ने फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद घर पहुंचकर देखने पर कमरे के अंदर उसकी लाश लटकी मिली।

### सखी सेंटर की समझाईश पर पति-पत्नी के बीच हुई सुलह

**रायगढ।** सखी सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण प्राप्त हुआ, जिसमें पत्नी ने पति के शराब पीने और मारपीट करने की शिकायत की थी। सखी सेंटर के सेवा प्रदाताओं ने दोनों पक्षों का लिखित बयान लिया और चार बार संयुक्त काउंसलिंग की। धीरे-धीरे पति के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन होने लगा और दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगे। दोनों पक्ष सखी सेंटर में उपस्थित हुए और पत्नी ने बताया कि पति के व्यवहार में सुधार होने से दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सखी सेंटर रायगढ़ के सेवा प्रदाताओं ने इस प्रकरण को सफलतापूर्वक समाप्त किया और दोनों पक्षों को सुखी जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# जशपुर में आमसभा में हिन्दू विरोधी भाषण

## पुलिस ने दर्ज किया केस, चार आरोपी गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में हिन्दू विरोधी भाषण देने का मामला सामने आया है। मामला लगभग 5 माह पुराना है। इस मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस जांच कर रही थी। पांच माह बाद हिन्दू विरोधी भाषण को लेकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को चंद्रपुर, बागबहार, कांसाबेल एवं कुनकुरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध कुनकुरी पुलिस द्वारा धारा 109, 153(ए), 153(बी), 294, 295(ए), 34, 505(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

बता दें इस मामले में करनेल सिंह (52) निवासी चरईडांड़ ने 28 फरवरी 2024 को थाना कुनकुरी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को 2024 को सुनील कुमार खलखो, श्याम सुंदर मरावी, रेमिश तिर्की एवं संजय सक्सेना ने भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में कुनकुरी सलियाटोली के मिनी स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से 3:30 बजे तक आमसभा आयोजित की। इस आमसभा में हिन्दु धर्म के बारे में आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी की गई। चारों ने कहा कि हिन्दू धर्म कोई धर्म नहीं हैं, मौलिक अधिकार को छिनना, एसटी/एससी एवं अन्य अन्य पिछड़ा वर्ग को सताना, टार्चर करना, अनुच्छेद-25 का हनन करना, धर्म के नाम पर नौटंकी करना, ईवीएम मशीन से चुनाव प्रक्रिया रोकना, धार्मिक गुरूओं के बारे में अपशब्द आदि शामिल है। शिकायत के पर कुनकुरी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की विवेचना दौरान पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी के नेतृत्व में टीम बनाकर आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद चारों आरोपी फरार हो गए थे। लगभग पांच माह बाद दबिश देकर विभिन्न जगहों से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा सुनील कुमार खलखो (37) निवासी गोढ़ी बी थाना बागबहार, श्यामसुंदर मरावी (47) निवासी कुनकुरी, रेमिश तिर्की (56) निवासी कांसाबेल व संजय सक्सेना (47) निवासी कापू विजय नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक सरोज टोप्पो, उप निरीक्षक सुनील सिंह, एएसआई मनोज साहू, प्रधान आरक्षक आदित्य साय, आरक्षक धनेश्वर राम, गणेश यादव, छवि पैंकरा, जितेन्द्र गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

# फार्महाउस में हुई हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**बालोद (ए.)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के फॉर्महाउस में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने फॉर्महाउस के चौकीदार को गिरफ्तार किया है। दरअसल मृतक संजय ठाकुर आरोपी की पत्नी से छेड़छाड़ कर रहा था, जिससे आरोपी भुनेश्वर ठाकुर ने गुस्से में आकर संजय की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी।



बता दें कि शुक्रवार सुबह ग्राम कोटेरा में भाजपा प्रवक्ता के देवलाल ठाकुर के फॉर्महाउस में संजय ठाकुर नामक व्यक्ति की लाश मिली थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना डौंडीलोहारा पुलिस और फारेंसिक टीम घटना स्थल पहुंची तथा मामले को जांच में लिया। इस दौरान पुलिस ने टीम बनाकर गांव में मुखबीर लगाया गया तथा हत्यारे की खोजबीन शुरू की। पुलिस को मामले की जांच के दौरान हत्या की सूचनप देने वाले प्रार्थी केशव ठाकुर जो अन्य बाड़ी का चौकीदार है उसने बताया कि गुरूवार शाम मृतक ने फार्महाउस के चौकीदार भूनेश्वर ठाकुर (50 वर्ष)के साथ शराब पी रहे थे, इस दौरान दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। इसकी सूचना पर पुलिस की टीम ने चौकीदार भुनेश्वर ठाकुर को पकडक़र पूछताछ की। भूवनेश्वर पहले तो गोल मोल जवाब देकर पुलिस का गुमराह करता रहा पर जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि गुरूवार शाम को वह केशव ठाकुर और संजय ठाकुर ग्राम कोटेरा के बाड़ी में शराब पी रहे थे। इस दौरान संजय बार-बार भुनेश्वर की पत्नी के पास जा रहा था। इसे लेकर संजय के साथ झगड़ा हुआ। इसके बाद रात को केशव और भुनेश्वर की पत्नि दोनों वहां से चले गए थे। रात करीब 9-10 बजे भुनेश्वर और संजय का फिर आपस में झगड़ा हुआ। संजय उसकी पत्नी के बारे में अपशब्द बोल रहा था, जिससे आक्रोश में आकर उसने बाड़ी में रखे टंगिया से संजय के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफहत्या का मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि आरोपी भुनेश्वर पूर्व में भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

### फरार चाकूबाज गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के फाफाडीह में पिछले दिनों एक युवक की चाकू मारकर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भावेश ताण्डी पिता हेमंत ताण्डी उम्र 20 वर्ष निवासी साहू पारा फाफाडीह थाना गंज रायपुर ने रिपोर्ट कराया था कि 8 जुलाई को उसके चाचा का लडक़ा आदि ताण्डी फोन कर बताया कि उसके भाई हर्ष ताण्डी को जागृति नगर दुर्गा पंडाल के पास आरोपी टिक्कू सिक्का, जमाल एवं सुशील द्वारा पुरानी विवाद को लेकर चाकू मारकर घायल कर दिये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खमतराई में धारा 109.3 (5) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी मोहम्मद जमाल पिता अब्दुल काजी 42 वर्ष निवासी त्रिमूति नगर इंदिरा आवास थाना देवेन्द्र नगर को 9 जुलाई को व आरोपी सुनील सोनी पिता धनमन सोनी 24 वर्ष निवासी त्रिमूति नगर आत्मानंद स्कूल के पास थाना देवन्द्र नगर को 11 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था वहीं इस प्रकरण के आरोपी हेन्मत सिक्का उर्फ टिक्कू पिता मन्नूलाल सिक्का 24 वर्ष निवासी त्रिमुर्ति नगर शिव मंदिर के पास थाना देवेन्द्र नगर रायपुर फरार था। जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# यूपी से मिली 10 साल बाद गुमशुदा नाबालिग युवती

**कबीरधाम (ए.)।** पुलिस ने 10 साल पहले गुमशुदा हुई एक नाबालिग लड़की को यूपी के उन्नाव जिले से खोज निकाला है। लेकिन, जब पुलिस ने लड़की को बरामद किया तो आज 2024 में वह बालिग हो चुकी है। इतना ही नहीं लड़की की शादी हो चुकी है। पूरा मामला कबीरधाम जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र का है।

एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि गणेश केवट निवासी ग्राम अचानकपुर ने चार जनवरी 2015 को अपनी नाबालिक लड़की की गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला 10 साल पुराना था। इसकी फाइल थाना में धूल खा रही थी। एसपी के निर्देश पर पुराने पेंडिंग मामले का निपटारा किया जा रहा है। इस मामले की जांच शुरू हुई। केश डायरी अवलोकन करने पर आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड नंबर को सीएससी सेंटर में सर्च कराया गया। तब आधार नंबर से ग्राम मवई घनश्याम बांगरमऊ जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश के पते पर किसी दूसरी महिला के नाम पर राशन कार्ड बना होना पाया गया। उसी आधार नंबर में गुमशुदा नाबालिक का नाम दर्ज होना पाया गया। इसके बाद पांडातराई थाना की पुलिस उन्नाव के लिए रवाना हुई। टीम के द्वारा आधार लिंक के बताए स्थान पर जाकर तस्दीक जांच कर उर्मिला यादव नाम की महिला को पांडातराई थाना अपहृता के रूप में पहचान कर सकुशल बरामद किया गया।

बरामद के बाद उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पूछताछ में अपहृता ने बताया कि 10 साल पहले वह यूपी के कानपुर रेल्वे स्टेशन में अपनी चाची से बिछड़ गई थी। अनजान जगह में रोते बिलखते इधर-उधर भटकते हुए रोजी मजदूरी करते गुजारा कर रही थी। बाद में ग्राम बांगरमऊ जिला उन्नाव पहुंच गई। बांगरमऊ के आस-पास ईंट-भट्ठा में मजदूरी कर जीवन यापन करते रही।

उसी दौरान ईंट भट्ठा में काम करने वाले लड़के छंग्गा राम यादव से मुलाकात हुई। एक साथ काम करने के कारण एक दूसरे को पसंद करने लगे। 2021 में छंग्गा राम यादव के साथ सामाजिक रीति रिवाज से विवाह करना बताया।

# सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता : सुकमा में 6 नक्सली गिरफ्तार

## ब्लास्ट सहित कई की घटनाओं में थे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** जिले में पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बार फिर से सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षबलों ने छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। गिरफ्तार नक्सलियों में से तीन पूवर्ती ब्लास्ट की घटना में शामिल थे।

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जगरगुंडा थाना क्षेत्र से तिम्मापुरम इलाके में नक्सलियों के गतिविधियों की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद कोबरा, डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम उस इलाके में सर्च अभियान पर निकली। इस दौरान जवानों को आता देखकर छुपने और भागने की कोशिश कर रहे छह लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा गया और पूछताछ में उनकी पहचान की गई। इसके बाद सभी



नक्सलियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### अंधरूनी इलाकों में कैंप बनने से मिल रही सफलता

एक समय था जब जवानों की पहुंच सीमित हुआ करती थी, क्योंकि नक्सली भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर जवानों को बड़ा नुकसान पहुंचाते थे। लेकिन समय के साथ अंदरूनी इलाकों में कैंपों की स्थापना हुई और सूचना तंत्र को मजबूत किया गया। इसके बाद जवान सुकमा के उन इलाकों तक ऑपरेशन कर रहे हैं, जहां पहुंचने की कल्पना नहीं की जा सकती थी। यही वजह है कि अब सुकमा के अंदरूनी इलाकों में नक्सली सिमटते नजर आ रहे हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों की गिरफ्तारी हो रही है और इससे प्रभावित होकर नक्सली भी आत्मसमर्पण करने पहुंच रहे हैं।

### राशन से भरी वाहन को ब्लास्ट से उड़ाया

बीते दिनों टेकलगुड़ा और पूवर्ती के बीच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के काफिले को निशाना बनाते हुए एक राशन से भारी वाहन को ब्लास्ट कर नुकसान पहुंचाया था, जिसमें कोबरा के दो जवान शहीद हो गए थे। इस घटना में शामिल अब तक 10 से ज्यादा नक्सलियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। तिम्मापुरम के जंगलों से गिरफ्तार किए गए छह नक्सलियों में से तीन नक्सली भी इस घटना में शामिल रह चुके हैं।












# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी शक्ति : सीएम विष्णुदेव साय

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर दी गई बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। विधानसभा में यह प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अत्यधिक उंचाईयां प्राप्त की हैं, उनके नेतृत्व में हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अपना स्थान बना पाएगा। उन्हीं के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य भी उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हमारे प्रधानमंत्री ने शांतिपूर्वक तरीके से हटा दिया। उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवी सबसे बड़ा ताकत के रूप में खड़ा किया है और 2047 तक इस देश को विकसित भारत के रूप में खड़ा करने का उन्होंने संकल्प लिया है।



### मोदी सरकार में राज्यमंत्री के रूप में किया काम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी जी के साथ प्रथम कार्यकाल में राज्य मंत्री के रूप में मुझे काम करने का अवसर मिला। मैं साक्षी हूं जिस दिन श्री मोदी ने पार्लियामेंट में प्रवेश किया उस दिन झुक कर इस देश की सबसे बड़ी पंचायत (संसद) को प्रणाम करके संसद में प्रवेश किया था और पहले ही दिन के अपने भाषण में उन्होंने कहा था कि गरीबों का हित चिंतक बने रहेंगे और उन्हें गरीबी रेखा से उपर उठाने सतत प्रयास करेंगे। सरकार गरीबों के लिए समर्पित रहेगी, मेरी यह सरकार गरीबों के लिए काम करेगी।

### स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 2014 को जब नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की, तो कुछ लोग उपहास करते थे। यह सफाई और शौचालय निर्माण का काम क्या कोई प्रधानमंत्री सोच सकता है। आज हम सब लोगों को इस बात का पता चल रहा है कि यह योजना कितनी महत्वपूर्ण है। उनके स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा के बाद आज हम लोग साफ़सफ़ाई का महत्व समझे। हमारे प्रधानमंत्री ने करोड़ों परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण कराया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज मुझे बताते हुए गौरव होता है जब 2014 में नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब आजादी के 65 वर्षों के बाद भी इस देश के 14 हजार से ज्यादा जिन गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों में बिजली पहुंचायी गई।

### विपरीत परिस्थितियों में देश की सत्ता का नेतृत्व

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रथम कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपरीत परिस्थितियों में देश की सत्ता का नेतृत्व किया, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व के कारण परिस्थितियों को अपने अनुकूल भी बना लिया। उन्होंने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत प्रत्येक क्षेत्रों में विकास करते हुए आगे बढ़ रहा है, जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सूझबूझ से 140 करोड़ आबादी वाले भारत में कोरोना को कंट्रोल किया और कोरोना से बचाव के लिए 200 करोड़ से भी ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने संकल्प के साथ मोदी जी की गारंटी को पूरा कर दिखाया है।

### गरीबों के लिए काम की शपथ

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रथम कार्यकाल में शपथ लेते हुए कहा था कि मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार रहेगी, मेरी यह सरकार गरीबों के लिए काम करेगी। उनका पहला कार्यकाल गरीबों के लिए काम करते हुए बीता, जो आज एक मिसाल है। उन्होंने निचले तबके के लोगों को सम्मान के साथ जीवन बिताने के योग्य बनाया, जिससे आज निचले तबके के लोग सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रस्ताव पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित अन्य विधायकों ने भी अपने विचार रखे।

### डीबीटी से पहुंच रही हितग्राहियों को राशि

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वीकारा था कि हम दिल्ली से 100 रुपए भेजते हैं तो गांव तक 15 रुपए पहुंचता है, किन्तु आज प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में डीबीटी से सीधे राशि पहुंचाई जा रही है। इसके लिए 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन का खाता खोलने का काम पहली बार मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया। उन्हें सफ्ल प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान का आशीर्वाद मिल रहा है, जिससे देश और राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन

## हर वार्ड में लगेंगे शिविर आज से से 10 अगस्त तक, समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण का आयोजन प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आज 27 जुलाई से 10 अगस्त तक किया जाएगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में नागरिकों की समस्याओं को हल करने विभागीय अधिकारियों, नगर निगमों के आयुक्तों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को समुचित इंतजाम के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वार्डों में आयोजित शिविरों में महापौरों, अध्यक्षों, पार्षदों और अन्य जन प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि इनमें आमजन की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो सके।

राज्य शासन द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के आयोजन के लिए नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि स्थानीय रहवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना निकाय का मुख्य दायित्व है। नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है।

इनके साथ ही जलापूर्ति में लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों व गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट्स का बंद रहना जैसी समस्याएं भी होती हैं। वार्डवार जनसमस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य इन समस्याओं के निराकरण के साथ ही नागरिकों को जरूरी जनसुविधाएं उपलब्ध कराना भी है।

नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविरों में करदाताओं को करों के भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने वार्डवार शिविरों के आयोजन के संबंध में वार्ड एवं नगर में व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि आम नागरिक शिविर का पूरा लाभ प्राप्त कर सके।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य की सभी 184 नगरीय निकायों में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए वार्डवार शिविर आयोजित कर उनका मौके पर ही निराकरण के निर्देश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवार शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। समस्याओं का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से होने से शहरी सरकार के प्रति लोगों में सद्भाव भी बढ़ेगा।

# आयुष औषधि निर्माता, विज्ञापनदाता, विज्ञापन एजेंसियों को भ्रामक विज्ञापन पर अंकुश लगाने सर्वोच्च न्यायालय ने जारी किए निर्देश

## विज्ञापन दाताओं, विज्ञापन एजेंसियों को स्व-घोषणा देकर प्रमाणित करना होगा: विज्ञापन निर्धारित कोड का उल्लंघन नहीं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सर्वसाधारण, आयुष औषधि निर्माता, विज्ञापनदाता, विज्ञापन एजेंसियों को भ्रामक विज्ञापन पर अंकुश लगाने और उपभोक्ता हितों की रक्षा करने के उददेश्य से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।

संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ से इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आईएमए एवं अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में भ्रामक विज्ञापन पर अंकुश लगाने और उपभोक्ता हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 07 मई 2024 को आदेश पारित किया गया है, जिसके तहत विज्ञापन दाताओं, विज्ञापन एजेंसियों द्वारा अपने विज्ञापन के प्रसारण प्रकाशन से पहले स्व-घोषणा प्रस्तुत कर यह प्रमाणित किया जाएगा कि उसका विज्ञापन केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 के तहत निर्धारित विज्ञापन कोड का उल्लंघन नहीं करता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश जारी किए हैं कि किसी विज्ञापन के मुद्रित, प्रसारित, प्रदर्शित होने से पहले विज्ञापनदाता, विज्ञापन एजेंसी द्वारा निर्दिष्ट पोर्टल पर एक स्व-घोषणा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें यह प्रमाणित किया जाएगा कि उसका विज्ञापन केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 के तहत निर्धारित विज्ञापन कोड का उल्लंघन नहीं करता है। संबंधित प्रसारक, प्रिंटर, प्रकाशक, टीवी चैनल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर अपलोड करने का प्रमाण जैसा भी मामला हो रिकार्ड के लिए रखा जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टीवी और रेडियो के लिए प्रसारण सेवा पोर्टल http// new.broadcastseva.gov.in/digigov-portal-web-app/ और प्रिंट, डिजिटल, इंटरनेट मीडिया के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पोर्टल https/www.presscouncil.nic.in/ पर एक नई सुविधा शुरू की है जिसके तहत विज्ञापन दाताओं, विज्ञापन एजेंसियों द्वारा अपने विज्ञापन के प्रसारण प्रकाशन से पहले अपलोड करने और स्वयं प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा होगी। यह पोर्टल 04 जून 2024 से चालू है।

# मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय रजक महासंघ के सदस्यों ने की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में राष्ट्रीय रजक महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश-भर से आए सदस्यों ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री श्री साय का राष्ट्रीय रजक महासंघ के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंटकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय से उन्होंने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सशक्तिकरण से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री श्री साय को सदस्यों ने सामाजिक मांगों से सम्बंधित ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक धरमलाल कौशिक सहित राष्ट्रीय रजक महासंघ से प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, सुरेश निर्मलकर, चूड़ामणि निर्मलकर, महेश कुमार कर्ष, दिनेश निर्मलकर, डॉ लेखराम निर्मलकर, दयालुराम निर्मलकर, राकेश रजक, लोकेश रजक सहित प्रदेश भर से आए सदस्य उपस्थित रहे।

# विष्णु के सुशासन में दिव्यांगों को मिल रही सुविधाः नन्हीं वर्षा को मिला व्हीलचेयर अब आसान हुआ सफर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार प्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू हुई है। राज्य के नि:शक्तजनों के लिए सरकार सहारा बन रही है। जिसके समाज कल्याण विभाग के माध्यम से राहत पहुंचाने का कार्य हो रहा है।

निराश्रित, बुजुर्ग एवं दिव्यांग हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं पर काम हो रहा है। जिला कांकेर, ग्राम गोतपुर आवास पारा निवासी 13 वर्षीय कुमारी वर्षा 80 प्रतिशत



दिव्यांग है और चलने-फिरने में अक्षम है। उसे कहीं भी जाने के लिए दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता था। अब उसकी राहे आसान हो गई है और वह अपना सफर पूरा करने के लिए खुद सक्षम है।

क्योंकि समाज कल्याण विभाग द्वारा व्हील चेयर प्रदान किया गया। व्हील चेयर मिल जाने से अब उन्हें गांव से बाहर आने-जाने में आसानी होगी। समाज कल्याण विभाग की अधिकारी श्रीमती क्षमा शर्मा ने बताया कि दिव्यांग वर्षा के पिता श्री कमलेश के द्वारा व्हीलचेयर प्रदान करने हेतु आवेदन किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण कार्यालय परिसर में व्हीलचेयर प्रदान किया गया।

**जगदलपुर और बिलासपुर भी केन्द्र के स्वदेश दर्शन योजना से जुड़े**



# जशपुर का मयाली बगीचा देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के प्रति जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के मयाली बगीचा को देश के प्रमुख पर्यटन स्थल में शामिल किए जाने तथा स्वदेश दर्शन योजना में जगदलपुर और बिलासपुर को शामिल किए जाने पर केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार द्वारा सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ मंदिर को प्रसाद योजना में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

जशपुर के मयाली बगीचा को केंद्र सरकार ने देश के उन 42 डेस्टिनेशंस में चुना है, जिन्हें चुनौती मानते हुए विकसित किया जाएगा। यह केंद्र के स्वदेश दर्शन 2.0 प्रोजेक्ट का हिस्सा होगा। इसी तरह स्वदेश दर्शन योजना में देशभर के 57 शहरों की पहचान की गई है, जिनमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगदलपुर को शामिल किया गया है। ये वह शहर हैं, जहां अंतरदेशीय पर्यटन केंद्र विकसित होंगे। इसके लिए 29 प्रोजेक्ट मंजूर किए गए हैं, जिनके तहत बिलासपुर और जगदलपुर में भी काम होगा।



इसके साथ ही सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ मंदिर समेत देशभर के 29 स्थानों को तीर्थयात्रा के कायाकल्प के लिए प्रसाद योजना में चुना गया है। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल राज्य सभा में एक अतारांकित प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि इन योजनाओं पर अमल शुरू हो गया है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत विकास की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके लिए छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगदलपुर सहित देश में 57 स्थानों की पहचान की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत 29 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है। इसी योजना के तहत चुनौती आधारित गंतव्य विकास के लिए देशभर में 42 स्थानों का चयन किया गया है, जिसमें जशपुर का मयाली बगीचा भी है। उल्लेखनीय है कि मयाली बगीचा जशपुर जिले का बेहद खूबसूरत पर्यटन केंद्र माना जाता है। पर्यटन मंत्रालय ने तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत विकास के लिए छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ मंदिर को भी चुन लिया है। इसे मिलाकर देशभर में कुल 29 स्थानों का चयन किया गया है, जहां इस योजना के तहत प्रोजेक्ट लाए जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950